जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



भाजपा + एनडीए
298
रुझान

कांग्रेस + यूपीए
225
रुझान



**रायबरेली सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह ने मानी हार**

# कड़ी-टक्कर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव-2024 के रुझानों में एनडीए ने इंडिया गठबंधन से बढ़त बनाई हुई है। हालांकि विपक्षी गठबंधन भी कड़ी टक्कर दे रहा है। कई राज्य हैं जहां कड़ा मुकाबला है। वहीं कई हॉट सीटों पर चौंकाने वाले रुझाने सामने आए हैं।

भाजपा नीति एनडीए को कई राज्यों में नुकसान हुआ है, तो कई राज्यों में भाजपा ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। रुझानों से विपक्षी नेता गदगद हैं। एग्जिट पोल में दिखाए गए रूझानों के विपरीत इंडिया गठबंधन कई राज्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा को कांग्रेस-सपा गठबंधन ने करारी टक्कर दी है। यहां कांटे का मुकाबला हो रहा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने शुरूआती रूझानों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं कांग्रेस की एक बार फिर उत्तर प्रदेश में वापसी ने सभी पूर्व अनुमानों को खारिज कर दिया है। लोकसभा चुनाव के रूझानों के बाद राजनैतिक हलचल भी तेज हो गई है।

## सपा ने लगाया भाजपा पर आरोप

मतगणना के बीच समाजवादी पार्टी भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। सपा ने कहा कि भाजपा कार्यालय के निर्देश के अनुसार, वोटों की गिनती धीमे कराई जा रही है और आंकड़ों से छेड़छाड़ कराई जा रही है। वेस्ट यूपी की सात सीटों पर मुकाबले दिलचस्प हो चले हैं। मुजफ्फरनगर में भाजपा और सपा के बीच दिलचस्प फाइट चल रही है। यहां गठबंधन प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान को पीछे करते हुए रफ्तार भरी है। सहारनपुर में इमरान मसूद 41257 वोट से आगे वोट से आगे चल रहे हैं। वहीं गंगोह विधानसभा सीट पर इकरा हसन आगे हैं। बिजनौर में भाजपा से चंदन चौहान तो नगीना में चंद्रशेखर बढ़त बनाए हुए हैं। मेरठ सीट पर अभी तक अरुण गोविल छलांग लगाते दिख रहे हैं। सुनीता वर्मा से उन्हें हालांकि कड़ी टक्कर मिल रही है। गोविल 28619 वोटो से आगे चल रहे हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 के रुझानों में एनडीए और इंडिया गठबंधन में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे फेल होते हुए दिख रहे हैं। दोपहर 1.30 बजे तक भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को रूझानों में 293 सीटें मिली थीं। जबकि इंडिया गठबंधन को 228 तथा अन्य 19 सीटों पर आगे चल रहे थे। वाराणसी से भाजपा उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लखनऊ से राजनाथ सिंह तथा गुजरात की गांधीनगर सीट से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 लाख से ज्यादा वोटों से आगे चल रहे थे। वहीं रायबरेली सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी, कन्नौज से सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव, मैनपुरी से डिम्पल यादव, बदायूं से धर्मेन्द यादव आगे चल रहे थे।उधर अमेठी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल से पीछे चल रही हैं। रुझानों के बाद राजनैतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आवास पर पहुंचीं हैं।

उधर कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि जनता ने हमें उम्मीद से ज्यादा आशीर्वाद दिया है। रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि गिनती जारी है और शुरुआती रुझानों के अनुसार मुझे लगता है कि ये हमारी उम्मीदों के अनुरूप हैं। मैं हरियाणा की जनता को धन्यवाद देता हूं। मुझे लगता है कि लोग हमारी उम्मीदों से ज़्यादा हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। चुनाव आयोग के नवीनतम रुझानों के अनुसार दीपेंद्र सिंह हुड्डा 1,17,616 वोटों से आगे चल रहे हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना जारी है। विभिन्न राज्यों से मिल रहे रूझानों के मुताबिक एनडीए और इंडिया गठबंधन में कड़ी टक्कर चल रही है। भारत के चुनाव आयोग से जारी आंकड़ों के मुताबिक लोकसभा की 543 सीटों पर आए रूझानों में उत्तर प्रदेश में सपा 37, भाजपा 32, कांग्रेस 8, आरएलडी 2, वेस्ट बंगाल में एआईटीसी 31, भाजपा 10, कांग्रेस 1, उत्तराखंड में भाजपा 5, तिरूपुरा में भाजपा 2, तेलंगाना में भाजपा 8, कांग्रेस 8, एआईएमआईएम 1, तमिलनाडु में डीएमके 21, कांग्रेस 9, बीसीके 2, सीपीआई 2, राजस्थान में भाजपा 14, कांग्रेस 8, सीपीआईएम 1, पंजाब में कांग्रेस 07, आप पार्टी 03, एसएडी 1, आईएनडी 2, दिल्ली में भाजपा 7, महाराष्ट्र में भाजपा 12, कांग्रेस 10, एनसीपी 1, एचएसएस 6, एनसीपीएससी 8, एसएचएसयूबीटी 10, मध्य प्रदेश में भाजपा 29, बिहार में जेडी (यू ) 15, भाजपा 13, एलडीएलजेपीआरवी 5, आरजेडी 3, हरियाणा में कांग्रेस 5, भाजपा 5, गुजरात में भाजपा 24, कांग्रेस 2।

## वाराणसी में जीत से पहले जश्न

वाराणसी में पीएम मोदी की जीत से आश्वस्त कार्यकर्ताओं ने गुलाल उड़ाकर और ढोड़ नगाड़े की थाम पर डांस कर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया है। शहर के नई सड़क स्थित गीता मंदिर गेट के पास भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जमकर गुलाल उड़ाए।

**गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट**

# भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने सबको पीछे छोड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा शुरूआती रूझानों से ही बड़ी बढ़त बनाए हुए हैं। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा तीसरी बार एक बड़ी जीत दर्ज करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। नोएडा के फेस-2 स्थित फूलमंडी में सुबह 8.00 बजे शुरू हुई मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने बढ़त बना ली थी। इस सीट से 15 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉ. महेश शर्मा व सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर के बीच है। बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सोलंकी भी मैदान में हैं जिन्हें खुर्जा विधानसभा सीट और सिकन्द्राबाद विधानसभा सीट में अच्छे खासे वोट मिले हैं।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर मतगणना का काम आज सुबह 8 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच फेस-2 स्थित फूलमंडी में शुरू हुआ। यहां तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सबसे पहले पोस्टर बैलेट एवं ईटीबीपी मतपत्रों की गिनती मतगणना कर्मियों ने शुरू की। शुरूआत में ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने बढ़त बना ली थी।

पोस्टर बैलेट एवं ईटीबीपी मतपत्रों की गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को 5978 वोट मिले जबकि सपा प्रत्याशी महेन्द्र नागर को 2063 वोट मिले। पहले राउंड के रूझानों में ही डा. महेश शर्मा ने 3915 वोटो से बढ़त बना ली। दोपहर 1.42 मिनट तक आये प्ररिणामों में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को 5 लाख, 08 हजार, 735 वोट मिल चुके थे, जबकि सपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर को 207613, बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सोलंकी को 136703 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को 3 लाख, 01 हजार, 122 वोटों से आगे चल रहे थे। समाचार लिखे जाने तक फूलमंडी स्थित मतगणना स्थल पर वोटों की गिनती जारी थी।



**रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने की ओर अग्रसर**







गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर मतगणना फेस-2 स्थित फूलमंडी में हो रही है। आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मतगणना स्थल का दौरा किया तथा यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग आगे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भी रूझान आ रहे हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा से आगे चल रहे हैं। डॉली शर्मा दूसरे नम्बर पर हैं। यहां भी कांटे की टक्कर चल रही है। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि अभी पासा पलट भी सकता है। कुछ लोग डॉली शर्मा और अतुल गर्ग के बीच कड़ा मुकाबला बता रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग करीब 90 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं।



# दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसा, 35 श्रद्धालु घायल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव के समीप मंगलवार सुबह हरिद्वार से दिल्ली की तरफ जा रही जा रही डबल डेकर बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस सवार 35 श्रद्धालु घायल हो गए। घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए मोदीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां 22 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर रूप से 13 घायलों को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। श्रद्धालु महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

वह सभी एक महीने की धार्मिक यात्रा पर निकले थे। श्रद्धालु सोमवार रात हरिद्वार से मथुरा वृंदावन के लिए चले थे। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया। मौके पर पहुंची एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम ने घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों के अनुसार, उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई। श्रद्धालुओं के मुताबिक, घटना के काफी देर तक वह एक्सप्रेसवे पर तड़पते रहे। बस में करीब 50 श्रद्धालु थे।

# यूपी में NDA और सपा-कांग्रेस गठबंधन में कड़ी टक्कर

## कांग्रेस की फिर उप्र. में वापसी





लोकसभा चुनाव-2024 के नतीजों में देश भर की नजर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पर लगी हुई है। यहां भारतीय जनता पार्टी ने 80 की 80 लोकसभा सीटों पर जीतने का दावा किया था, लेकिन उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। शुरुआती रुझानों पर भाजपा 35 तथा समाजवादी पार्टी 34 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में कई साल बाद कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन करती हुई दिख रही है। यहां कांग्रेस 8 सीटों पर आगे चल रही है।

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर शुरुआती रुझानों में भाजपा और समाजवादी पार्टी में कांटे की टक्कर हो रही है। यहां हम बता रहे हैं कि कौन से लोकसभा सीट पर कौन सा प्रत्याशी आगे चल रहा है।

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा-35, सपा-34, कांग्रेस-8 और अन्य दल तीन सीटों पर आगे चल रहे हैं। आगरा लोकसभा सीट पर भाजपा के सत्यपाल सिंह बघेल, अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के देवेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह, अलीगढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा के सतीश गौतम, इलाहाबाद लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह, अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के लालजी वर्मा, अमेठी से कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल, अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा के कंवर सिंह तंवर, आमला लोकसभा सीट से सपा के नीरज मौर्य, आजमगढ़ से सपा के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव, बदायूं लोकसभा सीट से सपा के आदित्य यादव, बागपत लोकसभा सीट से आरएलडी के डॉक्टर राजकुमार सागवान, बलिया लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सनातन पांडे, बांदा लोकसभा सीट से बीजेपी के आर के सिंह बघेल, बाराबंकी लोकसभा सीट से कांग्रेस के तनुज पुनिया, बरेली लोकसभा सीट से भाजपा के छत्रपाल सिंह गंगवार, बस्ती लोकसभा सीट से सपा के रामप्रसाद चौधरी, भदोही लोकसभा सीट से भाजपा के डॉ. विनोद कुमार बिंद, बिजनौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकदल के चंदन चौहान, बुलंदशहर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह, चंदौली लोकसभा सीट से भाजपा के डॉ. महेंद्र नाथ पांडे, देवरिया लोकसभा सीट से भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, दोरहरा लोकसभा सीट से सपा के आनंद भदौरिया, डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा के जगदंबिका पाल, एटा लोकसभा सीट से सपा के देवेश शाक्य, इटावा लोकसभा सीट से सपा के जितेंद्र कुमार दोहरे, फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा के अवधेश प्रसाद, फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश राजपूत, फतेहपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निरंजन ज्योति, फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से कांग्रेस के रामनाथ सिकरवार, फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सपा के अक्षय यादव, गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भाजपा के डॉ. महेश शर्मा, गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, गाजीपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी, घोसी लोकसभा सीट से सपा के राजीव राय, गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा के कीर्ति वर्धन सिंह, गोरखपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन, हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# कुछ गर्मी, कुछ उदासीनता

डंके, डुबकियां और डर के साथ अंततः हिमाचल से लोकसभा और विधानसभा के छह उपचुनाव संपन्न हो गए। कुछ गर्मी, कुछ उदासीनता और कुछ विभ्रम के कारण पांच साल पहले का उत्साह हिमाचल में नहीं लौटा, फिर भी 70 प्रतिशत के पार पहुंचने के मार्क पर यह राज्य नागरिकों का जागरूक समूह तो बनाता है ही। अब देखना यह है कि चुनावों में धन बल और जन बल के मायने हैं क्या। इन चुनावों में राजनीति का रायता जितना फैल सकता था, फैलाया गया। जाहिर है चुनाव प्रचार कहीं चुभा, तो कहीं पहाड़ी परंपराओं की तौहीन कर गया, फिर भी कुछ उम्मीदवारों ने विद्वेष की दीवारें नहीं फांदी। यह चुनाव चौके और छक्कों के बीच भाजपा बनाम कांग्रेस हुआ। कांग्रेस ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को उतार कर अपनी प्रयोगधर्मिता से सभी को चकित किया, तो इस फांस की योग्यता में चुनाव की अहमियत बढ़ गई। भले ही कंगना रनौत को लेकर मंडी का मैदान चर्चाओं, विवादों और अलग तरह की बेबाकी से भर गया, लेकिन देश के मीडिया ने इस संसदीय क्षेत्र में ही अपने झंडे गाड़े। हिमाचल का शाही मुकाबला हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हुआ और जहां भाजपा के अनुराग ठाकुर ने इतिहास की आंख से मुकाबला किया। हालांकि राजनीतिक इतिहास इस बार हिमाचल के पूरे परिदृश्य की टोह ले रहा है और इसीलिए संसदीय चुनावों पर छह उपचुनाव भारी पड़े। ये चुनाव सत्ता की छावनी में विपक्ष की दीवानगी में लड़े गए। भाजपा ने अपने कॉडर की परवाह न करते हुए तमाम बागी विधायकों को अपनी छाती सौंपी, लेकिन टिकट आबंटन पर आम कार्यकर्ता की छाती पर मूंग नहीं दले, यह परिणाम ही बताएंगे। दरअसल सियासत इन उपचुनावों में पूरी तरह नंगी हुई है और हमाम में देखने के लिए जनता को तर्क-कुतर्क बांटे गए। अब देखना यह है कि जनता ने उपचुनावों के हमाम में किसे नंगा देखा या इस नंगई को कबूल करके अपना मत दिया। जो भी हो, उपचुनाव की भाषा में हुए खुलासे चैन से जीने नहीं देंगे, भले ही परिणाम किसी के पक्ष में निकले या विरोध में निकले। यहां जनता ने सिर्फ कुछ नाटक देखे। राज्यसभा चुनाव से उपचुनाव तक के सफर में हिमाचल की आशाओं-उम्मीदों की पलकों ने जो देखा, वह बुरे वक्त की निशानी तो है ही। पलड़ा एक का झुकेगा, तो दूसरे पक्ष पर प्रहार होंगे और अगर विपरीत परिस्थितियों में जनता ने किसी एक को निपटा दिया, तो अहंकार के खिलौने और बिकेंगे। कहने को लांछनों से भरा रहा यह चुनाव, नागरिक मन में प्रायश्चित भाव के हथौड़े चलाता रहा, इसलिए अनमने से मतदान में इबारतों की कई उलझनें और भविष्य के संताप नत्थी हैं। उम्मीदवारों की फेहरिस्त में हिमाचली समाज का चेहरा संवर जाएगा या चुनाव प्रचार की विकृतियां अब साथ चलनी शुरू हो जाएंगी। जो भी हो, ये चुनाव सियासत के सिर पर ठीकरे फोडने की हिम्मत तो रखते हैं ही और अगर परिणाम स्पष्टता से संकेत दे पाए, तो हानि दोनों पक्षों को उठानी पड़ेगी। क्या फिफ्टी-फिफ्टी के फलक पर चुनाव प्रचार पहुंचा या श्रद्धेय मन से किसी ने ओपीएस को पूजा तो किसी ने मोदी की साधना में लीन होकर भक्ति की। मतदाता का मत लेने के सार्थक प्रयास से पूर्व उसके मन-मस्तिष्क को लूटने का प्रयास चुनावी अभियान करता रहा है। देखना अब यह है कि हिमाचली मतदाता कितनी स्थिरता, संतुलन और वैचारिक दृष्टि से चुनाव के परिणामों में अपना संदेश देता है।

# फार्मा सेक्टर से बढ़ते निर्यात का परिदृश्य

निश्चित रूप से भारत के फॉर्मा सेक्टर का बढ़ता निर्यात भारत का एक महत्वपूर्ण आर्थिक पक्ष है। देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। जबकि देश के विभिन्न उत्पादों के कुल निर्यात में तीन प्रतिशत की गिरावट रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में अकेले अमेरिका को भारत से 7.83 अरब डॉलर की दवा का निर्यात किया गया है। वर्ष 2022-23 के दौरान निर्यात का यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोनाकाल में फॉर्मा और मेडिकल सेक्टर की कई वस्तुओं का भारत बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश बन गया है। भारत दुनिया में पीपीई किट, सर्जिकल मास्क और मेडिकल गॉगल्स का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है। अब उन देशों में भी भारत की सस्ती दवाइयों की मांग बढ़ रही है जिन्हें भारत की सस्ती दवा पर बहुत भरोसा नहीं था। भारत से फार्मास्युटिकल निर्यात दुनिया भर के कोई 200 देशों तक पहुंचता है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अत्यधिक विनियमित बाजार शामिल हैं। स्थिति यह है कि दवाई उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से इस समय भारत की फॉर्मा कंपनियों को विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के ऑर्डर लगातार मिल रहे हैं। गौरतलब है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत अपनी दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता के कारण विश्व की नई फार्मेसी के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग मात्रा के मामले में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के मामले में 14वां सबसे बड़ा उद्योग है तथा फार्मा सेक्टर वर्तमान में देश की जीडीपी में लगभग 1.72 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

इस समय भारत के दवा उद्योग में करीब 3000 दवा कंपनियों और 10500 विनिर्माण इकाइयों का विशाल नेटवर्क शामिल है। भारत को वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। देश में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का एक बड़ा समूह है जो फॉर्मा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखता है। ग्रीनफील्ड फार्मास्यूटिकल्स परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग से 100 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति दी गई है। ब्राउनफील्ड फार्मास्यूटिकल्स परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है और इससे अधिक सरकारी अनुमोदन के माध्यम से है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफरा-तफरी है और चीन में निवेश करने वाली कई कंपनियां अन्य देशों में विकल्प की तलाश में हैं। ऐसे में चीन में कार्यरत कई कंपनियों सहित दुनिया के कई देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। इन सब कारणों से भारत में फॉर्मा सेक्टर का आकार बढ़ रहा है। यदि हम भारत के फॉर्मा सेक्टर में तेजी से बढने के कारणों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है और अपने किफायती टीकों और जेनेरिक दवाओं के लिए जाना जाता है। जेनेरिक दवाएं, ओवर दि काउंटर दवाएं, थोक दवाएं, टीके, अनुबंध अनुसंधान और विनिर्माण, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स भारतीय फार्मा उद्योग के कुछ प्रमुख खंड हैं। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम



लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है।

जेनेरिक दवाओं की अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निर्माता कंपनियों के द्वारा की जाती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में सबसे अधिक फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधाएं हैं जो अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) के अनुपालन में हैं और यहां 500 एपीआई उत्पादक हैं जो दुनिया भर के एपीआई बाजार का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। केंद्र सरकार ने दवाई उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से होने वाले दवाइयों के कच्चे माल-एपीआई (एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इंग्रीडिएंट्स) के भारत में ही उत्पादन हेतु कोई ढाई वर्ष पहले शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव्स (पीएलआई) स्कीम के लाभ मिलना शुरू हो गए हैं। 40 से अधिक कंपनियां पीएलआई स्कीम के तहत फार्मा के कच्चे माल का उत्पादन शुरू कर चुकी हैं या जल्द ही करने वाली हैं। ये कंपनियां अफ्रीका के कुछ देशों में फार्मा के कच्चे माल का निर्यात भी कर रही हैं। यदि हम फार्मा के साथ मेडिकल डिवाइस के निर्यात को देखें तो पाते हैं कि इसमें भी पिछले दो-तीन सालों से 12-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अभी मेडिकल डिवाइस का आयात अधिक हो रहा है और पिछले साल यह आयात 60000 करोड़ रुपए का रहा।

मेडिकल क्षेत्र से जुड़े डिस्पोजेबल आइटम, आर्थोपेडिक आइटम, सीरिंज, निडल, ग्लाव्सद जैसे कई आइटम में दुनिया के बाजार में भारत का बोलबाला है। सरकार ने मेडिकल डिवाइस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नीति की घोषणा की है और इस पर अमल के बाद मेडिकल डिवाइस का आयात कम होने के साथ निर्यात भी बढ़ेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में सस्ती दवाइयों और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए कई विकसित देशों के मरीज भी भारत का रुख कर रहे हैं। भारत में चिकित्सा सेवा की लागत पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है और भारत दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे सस्ता है। भारत को चिकित्सा पर्यटन के लिए दुनिया में लाभप्रद जगह माना जा रहा है। वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के पहले दस देशों में भारत का नाम रेखांकित हो रहा है। निश्चित रूप से देश के फॉर्मा सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए शोध एवं अनुसंधान विकास के लिए एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र में नवाचार के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति शुरू की गई है।

योजना का उद्देश्य भारतीय फार्मा-मेडटेक क्षेत्र को लागत आधारित से नवाचार आधारित विकास बदलना है। यह नीति नई दवाओं, टीकों, निदान और उपकरणों की खोज और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करती है। यह बात ध्यान रखी जानी होगी कि मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के बावजूद, भारतीय फार्मा-मेडटेक क्षेत्र सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) और प्रमुख प्रारंभिक सामग्री (केएसएम) पर उच्च स्तर की आयात निर्भरता, उच्च स्तरीय स्कैनिंग और इमेजिंग उपकरणों में कम तकनीकी क्षमताओं जैसी चुनौतियों से ग्रस्त है। बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और अन्य उभरते उत्पादों के विकास की गति धीमी है। फार्मा और मेडटेक में हमारा अनुसंधान एवं विकास निवेश अन्य देशों से पीछे है। इस परिदृश्य को बदलना होगा। निश्चित रूप से फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में मजबूत अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकता को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं कहा जा सकता।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि भगवान के भक्त जैसे उस चूक को सुधार लेते हैं और दु:ख-दोषों को मिटाकर निर्मल यश देते हैं, वैसे ही दुष्ट भी कभी-कभी उत्तम संग पाकर भलाई करते हैं, परन्तु उनका कभी भंग न होने वाला मलिन स्वभाव नहीं मिटता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**लखि सुबेष जग बंचक जेऊ। बेष प्रताप पूजिअहिं तेऊ॥**
**उघरहिं अंत न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावन राहू॥**
जो (वेषधारी) ठग हैं, उन्हें भी अच्छा (साधु का सा) वेष बनाए देखकर वेष के प्रताप से जगत पूजता है, परन्तु एक न एक दिन वे चौड़े आ ही जाते हैं, अंत तक उनका कपट नहीं निभता, जैसे कालनेमि, रावण और राहु का हाल हुआ॥
**किएहुँ कुबेषु साधु सनमानू। जिमि जग जामवंत हनुमानू॥**
**हानि कुसंग सुसंगति लाहू। लोकहुँ बेद बिदित सब काहू॥**
बुरा वेष बना लेने पर भी साधु का सम्मान ही होता है, जैसे जगत में जाम्बवान और हनुमानजी का हुआ। बुरे संग से हानि और अच्छे संग से लाभ होता है, यह बात लोक और वेद में है और सभी लोग इसको जानते हैं॥
**गगन चढ़इ रज पवन प्रसंगा। कीचहिं मिलइ नीच जल संगा॥**
**साधु असाधु सदन सुक सारीं। सुमिरहिं राम देहिं गनि गारीं॥**
पवन के संग से धूल आकाश पर चढ़ जाती है और वही नीच (नीचे की ओर बहने वाले) जल के संग से कीचड़ में मिल जाती है। साधु के घर के तोता-मैना राम-राम सुमिरते हैं और असाधु के घर के तोता-मैना गिन-गिनकर गालियाँ देते हैं॥

(क्रमश:..)

# राजनेताओं को सदबुद्धि देना भगवान,ध्यान पर घमासान क्यूँ : खबरीलाल

राजनीतिक पटल पर एक बार फिर से भारत अपना नया इतिहास लिखने जा रहा है।यूँ तो भारत हमेशा ही सम्पूर्ण विश्व में अपनी पहचान व ज्ञान के केन्द्र बिन्दू में रहा है।इन दिनो पर्यावरण वे बदलते परिवेश व प्रजातंत्र के महापर्व-18वें लोक सभा व 4 रा राज्यों उड़िशा,आन्द्राप्रदेश अरुणाचल व सिक्कम में विधान सभा चुनाव की गर्मागर्म बहस हो रही है।18वें लोक सभा के साधारण चुनाव 24 के सातवें व अन्तिम चरण के सम्पन्न होने के बाद राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय राजनीतिक विषलेषज्ञों का ध्यान 4 जून को लोकसभा व 4 राज्यों केविधान सभा के चुनाव के परिणामों पर टिकी थी,लैकिन सातवें चरण के चुनाव प्रचार अभियान के समाप्त होते ही,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कन्या कुमारी स्थिति स्वामी विवेकानंद शिला पर 45 घंटे ध्यान पर बैठ गए।मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने चुनाव आयोग में की शिकायत की है।मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने मचाया बवाल है।कांग्रेस का कहना है कि ये चुनाव आचार संहिता का सीधा-उल्लंघन है।आप को पता होगा क कि जब चुनाव की घोषणा होती।मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट जारी किया जाता है।जिनका सभी पार्टियों, नेताओं व उम्मीदवारों को पालन करना होता है।उन्हीं नियमों से एक नियम कहता है कि सभी दलों और उम्मीदवारों को पूरी ईमानदारी से उन सभी कार्यों को नहीं करना चाहिए जो कानून के मुताबिक भ्रष्ट आचरण या अपराध माने जाते हैं।जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना,किसी और के बदले मतदान करवाना,मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना,मतदान खत्म होने से 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना,और मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाना-ले जाना। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा126 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक करना,जुलूस निकालना और उसमें भाग लेना प्रतिबंधित है।इसके साथ ही सिनेमा और टेलीविजन या अन्य उपकरणों की मदद से जनता के सामने चुनाव संबंधी सामग्री प्रदर्शित भी नहीं किया जा सकता है।इसके साथ ही मतदान क्षेत्र में वोटिंग से पहले 48 घंटे की अवधि के दौरान जनता को आकर्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजन करके जनता तक चुनाव सामग्री पहुंचाना प्रतिबंधित है।तब से अब तक चुनाव प्रचार करने का काफी तरीका बदल गया है।अब कई चरणों में चुनाव होते हैं और जिस क्षेत्र में वोटिंग होनी होती है वहां पर कुछ घंटे पहले चुनाव प्रचार खत्म हो जाता है लेकिन दूसरी जगहों पर चुनाव प्रचार चलता रहता है।यहां वोटिंग के दौरान भी रैलियों का प्रसारण होता रहता है।कन्याकुमारी में तो19 अप्रैल को ही चुनाव सम्पन्न हो गई है।ऐसे में पीएम मोदी कन्याकुमारी में ध्यान कर रहे हैं।ऐसे में अब पीएम मोदी ध्यान के दौरान जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951की धारा 126और आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं।आप को याद दिलाना चाहूँगा कि मोदी ने 2019 में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से ठीक पहले केदारनाथ में इसी तरह का ध्यान किया था,उस समय भोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में मतदान होना था।तब लगभग सभी विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी और इसे छद्म प्रचार करार दिया था।हालांकि,चुनाव आयोग ने पीएम की ध्यान योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।बस क्या सभी विपक्षी दलों को एक नया मुद्दा मिल गया।मोदी के ध्यान से सियासी मायने निकाले जाने लगे।राजनीतिज्ञों का कहना है कि राजनीति व सियासत हर समय अपने रंग-ढंग बदलती रहती है।इस बार के लोकसभा चुनाव में यह बात सटीक बैठती हुई दिखी रही है।सर्वविदित रहे कि 19 अप्रैल से चुनाव प्राम्भ हो गई जो सात चरणों के साथचुनाव की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण मे समाप्त हो गई है।इस बार चुनावी भाषण व रेली के दौरान प्रत्येक चरणों में राजनेताओं के मुँह से भारतीय मतदाताओं को नए-नए शब्द सुनने को मिले।पहले चुनाव में जो लड़ाई जमीन पर लड़ी जाती है,जनता के मुद्दों पर लड़ी जाती है खास कर 2014 से वह लड़ाई अब मंदिर,मस्जिद,हिंदू, मुसलमान होते हुए स्वयं भू परमात्मा व उनके विशेष दूत तक पहुंच गई है।पार्टी व उनके अंध भक्ति के समर्थकों को मोदी मे परमात्मा व भगवान का विशेष दूत दिखता है।18वें लोक सभा व कुछ राज्यों के विधान सभा सम्पन्न होने के वाद भी चुनाव के परिणाम से पहले तकरार... वाक्य युद्ध छिड़ गई है।

अगर आप ने भाजपा के नेताओं व बयान वीरों के ब्यान सुने हो तो वे लोग खुल कर कह रहे थे कि मोदी स्वयं भगवान है।वह कोई अवतारी महापुरुष है।स्वयं भगवान ने उनको इस पर धरती पर कुछ विशेष कार्य करने के लिए भेजा है।मोदी जी देश की 140 करोड़ जनता की सेवा करने के लिए नर रूप नारायण अवतरित हुए हैं।भाजपाई नेताओं ने माना है कि पीएम मोदी एकदम भगवान की तरह हैं।वह एक अवतार हैं।खास कर अंध भक्तों का मानना है कि 'मोदी यह व्यक्ति नहीं है।वह एक देवीय शक्ति है। आजकल के विपक्षी दलों के नेता पीएम मोदी को समझ नहीं सकते हैं।उनकी सोच इन सब नेताओं से आगे है।जहां से वे सोचना शुरू करते हैं,सब नेताओं की सोच वहां तक खत्म हो चुकी होती है।यदि वो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो उसके लिए पोजिशनिंग कर रहे हो।क्योंकि ये लगभग माना जा रहा है कि वो एनडीए गंठबंधन निकाल लेंगे।अब राष्ट्रपति तो वो नहीं बनेंगे और राष्ट्रपिता की पद खाली नहीं है। तो ऐसे में राष्ट्रप्रभु या राष्ट्र परमात्मा की जगह खाली बचती है।क्योंकि स्वंय कह भी चुके हैं कि भाई अपना क्या है,अपन तो फकीर है,किसी दिन उठेंगे झोला उठाएंगे और चल देंगे।वैसे भी इस देश में साधु-संतों और फकीरों को भगवान मानकर पूजा करने की एक पुरानी परंपरा है।देश में एक बहुत बड़ा वोट बैंक हिंदूओं का है,जो संतों और भगवान में बहुत विश्वास रखता है।जो राम मंदिर का श्रेय मोदी को देता है।वही दूसरी ओर विपक्षी राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल ममता आदि जैसे नेता उनकी इस बात का पूरा मखौल उड़ा रहे हैं। लैकिन इससे मोदी के वोटरों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उनके जो समर्थक है उन्हे तो पहले से ही अंघभक्त ब्राण्ड लगा हुआ है।भक्त तो अपने भगवान के ही होते हैं।वे पहले से मोदी को भगवान मान चुके है।जिनकी वजह से वे पिछले दो चुनाव में बड़े मतों के साथ जीते थे।वैसे भी मोदी मार्केटिंग अच्छी करते हैं।वे भोली भाली जनता को अपनी वाक्य पट्टता से मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाने महारत हासिल है।मोदी के ध्यान पर मची घमासन पर पक्ष - विपक्ष के मध्य छिड़ी बहस रुकने का नाम नहीं ले रही है।


ऐसे में मैने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ट व अनुभवी अधिवक्ता डा .0 ए 0 पी0 सिंह के सम्पर्क कर कानुनी बारिकों को जानने की कोशिस की है। मेरी व डा0 ए0 पी सिंह के बीच बातचीत के दौरान बताया कि *देखिए खबरीलाल जी हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष देश है, हमारा संविधान अपने नागरिकों धर्म व पूजा की पद्धिति को अपनाने की स्वतंत्रता दी है।जहाँ तक पूजा पद्धिति अपनाने की बात हो वह आप की श्रद्धा व आस्था पर निंभर करता है कि अपने आराध्य व देवी देवता- भगवान को कैसे मानता है।जहाँ तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ध्यान का प्रशन है।तो मेरा मानना है कि हम व आप भारत जैसी पवित्र भुमि में पैदा हुए है।जिस घरती पर-राम कृष्ण, नानक,बुद्ध-महाबीर,कबीर आदि महान संतो ॠषि मुनियो ने जन्म ही नहीं लिया बल्कि ध्यान का मार्ग अपना कर अमर हुए बल्कि मानव जाति को जीवन जीने के गरु रहस्यो सें अवगत कराया है।ध्यान % साधना तो हम सभी को प्रत्येक दिन करना चाहिए, साधना व ध्यान से नई ऊर्जा -नई स्पपूर्णा नई उंमग हमें मिलती है।मोदी जी 45 घंटे का ध्यान कर कोई गुनाह नही किया है।वे देश प्रधान मंत्री है - जहाँ तक उनके ध्यान पर छिडी वाक्य युद्ध का प्रशन है।उनके चाहने वालों की हमेशा जिज्ञासा रहती है।उनके प्रत्येक गति विधियों पर नजर बनाये रखती है।हो भी क्यूँ नही।मैं एक प्रार्थना कर रहा हूँ कि ईश्वर अल्लाह तेरो नाम,राज नेताओं सम्मति दे भगवान खैर 18 वें लोकसभा चुनाव के सातवे चरण के बाद खबरिया चैनलों पर एक्जिट पोल की बाढ़ सी आ गई है।कई वार तो मत दाताओं इनको चकमा दे देती है।18 वें लोक सभा चुनाव के परिणाम घोषित होने कुछ समय शेष है।यानि 4 जुन तक हमें व आपको इंतजार करना होगा।फिलहाल आप सभी यह कहते हुए विदा लेते है-ना ही काहूँ से दोस्ती,ना ही काहुँ से बैर। खबरीलाल तो माँगे,सबकी खैर॥ फिर मिलेंगे।तिरक्षी नजर से तीखीं खबर के संग।तब तक के लिए अलविदा।

**आलेख-विनोद तकियावाला**


# राशिफल

**ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : त्रियोदशी**

**(विक्रम संवत् 2081)**



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
नौकरी, लेन-देन, परिवार के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यवसाय में आप किसी और प्रोडक्ट को भी शामिल कर सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी पिकनिक पर जाने की योजना




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
माता-पिता से आप अपने मन की किसी इच्छा को लेकर बातचीत करेंगे। संतान को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आप अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति सचेत रहें। संतान के करियर को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बिजनेस में भी उतार-चढ़ाव रहने के कारण आपका काम करने में मन थोड़ा कम लगेगा। आपको किसी कानूनी मामले में धक्के खाने पड़ेंगे।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आप अपने बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव करेंगे जो आपके लिए समस्या लेकर आएगा। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या महसूस हो



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आपके लिए निर्णय लेने की क्षमता का लाभ लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी षड्यंत्र का हिस्सा बनने से बचना होगा।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बड़ा लेनदेन करने से बचें। बिजनेस कर रहे लोग किसी बड़े निवेश को करने की योजना बना सकते हैं




**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य ठीक है। तो आप उसे नजरअंदाज ना करें।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यवसाय में यदि आपका कुछ धन लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह आपको प्राप्त हो सकता है।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिवार में किसी बड़े काम के होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। यदि कुछ सदस्यों में लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। जिसमें आपको जीत अवश्य हासिल होगी।

# व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर का जताया आभार



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** व्यापारी नेता मनोज गर्ग ने बताया तीन दिन पहले साईट 4 ग्रेटर नोएडा में हुई 9 लाख रुपए की लूट का सफल खुलासा करने के लिए साईट 4 के व्यापारियों द्वारा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का आभार व्यक्त किया गया।

लूटी हुई पूरी रक़म बरामद करना एक बड़ी ही चुनौती थी। लेकिन पुलिस द्वारा घटना को सिर्फ़ 2 दिन के अंदर ही खोल दिया गया और रक़म बरामद की।

व्यापारियों ने लूट का खुलासा करने वाली सभी पुलिस कर्मियों की टीम को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया। इस मौके पर व्यापारी बजरंग गोयल, मनोज गर्ग, मुकुल गोयल, रवि शर्मा, राजेश ढिंगरा, मुदित ढिंगरा आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन अम्बावता संगठन का विस्तार

**दादरी ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन द्वारा नगर के रेलवे रोड स्थित जिला कार्यालय पर संगठन की बैठक की और अंबावता संगठन का विस्तार किया गया।

संगठन विस्तार के दौरान तहसील अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में संगठन गरीब और बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ रहा है। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रत्येक सप्ताह बैठक कर समस्याओं के निस्तारण पर विचार किया जाता है। और साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और 10 11 12 जून हरिद्वार अधिवेशन को लेकर भी अवगत कराया। संगठन विस्तार में कपिल खारी जिला उपाध्यक्ष नियुक्ति पत्र देकर , अनु रानी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त और सरोज भाटी को ग्रेटर नोएडा महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर गीता नागर ग्रेटर नोएडा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकेश टाइगर, मनोज भाटी नगर अध्यक्ष दादरी, अमित मुखिया, कपिल खारी, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## 27 वर्ष घुटती रही पीड़िता, तीन साल में दोषियों को सजा

**शाहजहांपुर ( एजेंसी )।** वर्ष 1994 की बात है। बहनोई के घर रहने वाली नाबालिग लड़की का नकी हसन और उसका भाई गुड्डू शारीरिक शोषण करता, वो बेबस विरोध भी नहीं कर पाती। दोनों की हैवानियत के कारण उसे बिना ब्याही मां बनना पड़ा। वो घुटती थी, नवजात बेटे को दूसरों के हाथ सौंपकर जिंदगी का नया मोड़ तलाशती थी। 27 वर्ष इंतजार के बाद उसी बेटे की जिद पर कोर्ट पहुंची, न्याय की गुहार लगाई थी। आखिरकार...तीन वर्ष सुनवाई के बाद मंगलवार को अपर जिला जज लवी यादव ने दोषी नकी हसन और उसके भाई गुड्डू को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुना दी। कोर्ट का निर्णय आने के बाद पीड़ित फोन पर बोली- मैं संतुष्ट हूं कि दोनों दोषी जेल जाएंगे। न्याय की जो उम्मीद थी, वो पूरी हुई...। 30 वर्ष पुराना घटनाक्रम आज भी पीड़ित को कचोटता है। वह पढ़ना चाहती थीं इसलिए वर्ष 1994 में बहन-बहनोई के घर रहने लगी थीं। बहनोई प्राइवेट नौकरी और बहन स्कूल में पढ़ाने जाती थीं। उनकी अनुपस्थिति में नकी और गुड्डू घर पहुंचकर पीड़िता का शोषण करता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई। स्वजन को इसकी जानकारी हुई तो डाक्टर के पास ले गए मगर, उन्होंने कम उम्र में जान का खतरा बताकर गर्भपात से इनकार कर दिया था।

# हेम स्पेयर बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के आवाह्न पर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल और प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं नें हेम स्पेयर कम्पनी के बिल्डर संकल्प शुक्ला व संजय राय के विरोध में जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर व पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि गौतमबुद्धनगर में बिल्डरों की तानाशाही इस कदर बढ गई है कि फ्लैट बुकिंग के नाम पर ठगी हो या गरीब मज़दूरों व ठेकेदारों से अपनी साइटों पर कार्य कराकर उन गरीब मज़दूरों का भुगतान न करना हो बार बार ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है ऐसा ही फिर हेम स्पेयर कम्पनी के बिल्डर संकल्प शुक्ला व संजय राय ने गरीब मज़दूरों व ठेकेदारों से अपनी साईटों पर करोड़ों रुपए के कार्य कराये और गरीब मज़दूरों के भुगतान नही किए मेहनत मजदूरी के रूपए मांगने पर गाली-गलौज कर भगा दिये जाते है।

भारतीय किसान यूनियन (बलराज) ने जिला प्रशासन और पुलिस-प्रशासन को 14 मई को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था कि कि बिल्डर संकल्प शुक्ला व संजय राय गरीब मज़दूरों से काम करा कर उनकी मेहनत मजदूरी का भुगतान नही कर रहा है और एक सप्ताह का समय दिया गया था 21 मई को संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना-की चेतावनी दी थी लेकिन पुलिस प्रशासन ने आग्रह किया था कि आंचार संहिता तक धरना स्थागित कर दें समस्याओ का निस्तारण शीघ्र किया जायेगा लेकिन समस्याओ का कोई समाधान नही हुआ अब संगठन ने क्षुब्ध होकर मज़दूरों को न्याय दिलाने के लिए 7 जून को हेमस्पेयर कम्पनी के विरूद्ध अनिश्चितकालीन धरना देने का ऐलान किया है।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी,प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश अध्यक्ष युवा विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश सचिव ऊधम नम्बरदार, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी,उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष नागर, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना, प्रदेश महासचिव एडश सतेदंर खारी,प्रदेश सचिव एडवोकेट प्रवीदंर खारी जिला उपाध्यक्ष मिनदर नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा धर्म भाटी, प्रदेश महामन्त्री रामरिक भाटी,प्रदेश सचिव यामीन अंसारी, तहसील दादरी अध्यक्ष सोविदंर भाटी,जिला संगठन मन्त्री रिंकू भडाना जिला सचिव विनित शर्मा, जिला महासचिव नईम अब्बास, जिला उपाध्यक्ष मनवर अली, दादरी ब्लाक अध्यक्ष तपसी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दादरी में बिजली कटौती को लेकर सपा का प्रदर्शन



**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी नगर और आसपास के गांव में हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धूम मानिकपुर, दादरी स्थित बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भयंकर गर्मी के बीच जनपद में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है। दादरी नगर क्षेत्र और आसपास के गांव में स्थिति और ज्यादा खराब है। इस क्षेत्र में मात्र 5 से 6 घंटे बिजली दी जा रही है। गर्मी में बढ़ती बिजली की मांग को लेकर बिजली विभाग की कोई तैयारी नहीं थी, जिस कारण यह संकट और ज्यादा गहरा हो गया। बिजली संकट के लिए बिजली विभाग की लापरवाही एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा के जनप्रतिनिधि द्वारा समस्या के निदान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। भाजपा सरकार का बिजली देने में नाकाम साबित हो रही है। इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर, सुधीर तोमर, अनीस अहमद, विपिन सैन, दीपक नागर, मोहित नागर, सुरेन्द्र नागर, जुगती सिंह, रोहित मत्ते गुर्जर, कुंवर नादिर अली, राजेश दीक्षित, जुगती सिंह, हैप्पी पंडित, प्रमोद मेंबर, प्रशांत भाटी, सुमित भारती, अक्षय चौधरी, राशिद, अनिल प्रजापति, जाकिर मुनिरी, हरवीर प्रधान, देवेंद्र भाटी, अनिल नागर, सन्नी प्रजापति, योगेश गौतम, रिजवान हैदर, बचन भाटी, राहुल गौतम, तरुण गौतम, विजेंद्र चौहान, आदि मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कड़ी-टक्कर...**

तेलंगाना में भाजपा ने अपने प्रदर्शन को काफी बेहतर किया है। पार्टी राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर आगे चल रही है। वहीं आठ सीटों पर कांग्रेस आगे है। हैदराबाद सीट पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी आगे चल रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के अमरावती में शुरुआती रुझानों में पार्टी उम्मीदवारों की भारी बढ़त के बाद टीडीपी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय के बाहर जश्न मना रहे हैं।

चुनाव आयोग के शुरुआती रुझानों के अनुसार, ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा 71 सीटों पर, बीजेडी 47 सीटों पर और कांग्रेस 13 सीटों पर आगे चल रही है।

लोकसभा चुनाव मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में एनडीए गठबंधन को 293 सीटें तो इंडिया गठबंधन को 228 सीटें मिलती हुई नजर आ रही है। जबकि अन्य 19 सीटों पर आगे चल रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी 33 सीटें तो भाजपा 37 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि 7 सीटों पर कांग्रेस आगे चल रही है।

**यूपी में एनडीए और...**

हरदोई लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश, हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनूप बाल्मीकि, जालौन लोकसभा सीट से सपा के नारायण दास अहिरवार, झांसी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा, कैराना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार, कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह, कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, कानपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, कौशांबी लोकसभा सीट से सपा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज, खीरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा, कुशीनगर सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे, लालगंज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार दरोगा प्रसाद सरोज, लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मछली शहर से सपा प्रत्याशी प्रिया सरोज, महाराजगंज से भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी, मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी, मेरठ लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा, मिर्जापुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रमेश चंद बिंद, मिश्रिख लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी, मोहनलालगंज लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी आर चौधरी, मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह मलिक, नगीना लोकसभा सीट से एजेपी (काशीराम प्रत्याशी) चंद्रशेखर, फूलपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य, पीलीभीत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल, रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी, रामपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह, रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी छोटेलाल, सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद, सलेमपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा, सम्भल लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी जिया उर रहमान, संत कबीरनगर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद, शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, श्रावस्ती लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा, सीतापुर से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश राठौर, सुल्तानपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद, उन्नाव लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी तथा वाराणसी लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे चल रहे हैं।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 112 दिन धरना जारी है धरना रात दिन का चल रहा है।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. DYCE/GS/AGC/2024-03 Dated 01.06.2024

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियरिंग/गतिशक्ति/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "**खुली निविदा**" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. : 1 | निविदा सं. : DYCE-GS-AGC-2024-05 | अनुमानित लागत रू. : Rs. 4.99 cr. |
| कार्य का विवरण : टीडब्ल्यूडी बाद में सिकलाइन साइडिंग और शेड का विकास और ट्राली सेक्शन शेड का विस्तार कार्य। बिड सिक्योरिटी : Rs. 399600.00, कार्य पूर्ण करने की समय : 10 माह | | |
| क्र.सं. : 2 | निविदा सं. : DYCE-GS-AGC-2024-06 | अनुमानित लागत रू. : Rs. 72.60 lacs |
| कार्य का विवरण : उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल के कीठम स्टेशन पर ए एवं डी साइडिंग का विस्तार करके पूर्ण लम्बाई की गुड्स साइडिंग का प्रावधान। बिड सिक्योरिटी : Rs. 145200.00, कार्य पूर्ण करने की समय : 06 माह | | |

• निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट "www.ireps.gov.in" पर देखें। • निविदा केवल बेव पोर्ट "www.ireps.gov.in" के माध्यम से दिनांक 25.06.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 957/24(AN)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR









**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

**खास खबर**

## ट्रूकॉलर के एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन के पार पहुँची




**बेंगलुरु , एजेंसी।** पूरी दुनिया में अनजान नंबरों से आने वाले कॉल को वेरीफाई करने और अनचाहे संचार को रोकने के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज बड़े गर्व के साथ अपने मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या के 400 मिलियन तक पहुँचने की घोषणा की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रूकॉलर का दायरा बड़ी तेज़ी से बढ़ रहा है और इस साल 31 मार्च से अब तक इसके यूजर्स की संख्या में 10.1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इसके बारे में बात करते हुए ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन ममेदी, कहते हैं, हमारे मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन तक पहुँच गई है और यकीनन यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। लेकिन हम इस बात को भी अच्छी तरह समझते हैं कि, ट्रूकॉलर जैसे समाधान अब पहले से कहीं ज़्यादा आवश्यक हो गए हैं। बदकिस्मती से आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायों के लिए भी अनचाहे संचार, स्पैम और धोखाधड़ी की समस्या बढ़ रही है। नई-नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ धोखेबाज़ों के लिए लोगों को झांसा देकर पैसे कमाने के बढ़ते अवसर की वजह से यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इसलिए हमने अपने ऐप को लगातार विकसित करना और नए फंक्शंस को शामिल करना जारी रखा है, ताकि हम अपने यूजर्स को फ़ोन कॉल या स्स्र्स से पहले, उसके दौरान और उसके बाद सुरक्षा प्रदान कर सकें। साल 2024 की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ट्रूकॉलर उनके मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या औसतन 383.4 मिलियन दर्ज की गई थी, जबकि तिमाही के अंत में मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 389.9 मिलियन हो गई थी।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 3 जून को रिलीज हो रहे गुनाह का ट्रेलर हुआ लॉन्च

**मुंबई।** डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपनी आगामी सीरीज गुनाह के एक दिलचस्प टीज़र के बाद अब इसका ट्रेलर लॉन्च किया है। रोमांचक ड्रामा और मिस्ट्री के साथ पुरुष दर्शकों पर केंद्रित इस सीरीज़ में अभिमन्यु की कहानी दिखाई गई है, जिसका किरदार गश्मीर महाजनी निभा रहे हैं। इस सीरीज़ में वो विश्वासघात का बदला लेने के सफर पर निकले हैं। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित, गुनाह में सुरभि ज्योति और ज़ैन इबाद खान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज़ 3 जून 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप निशुल्क देखी जा सकेगी और सोमवार से शुक्रवार तक रोज इसके नए एपिसोड आएंगे। अनिल सीनियर के निर्देशन में बनी और शो-रनर अनिरुद्ध पाठक के साथ गुनाह में प्रतिशोध और अपनी जान बचाए रखने की कहानी है, जिसमें हर कदम एक मास्टरस्ट्रोक है और हर गलती की कीमत चुकानी पड़ती है। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मौटिक टोलिया ने कहा, गुनाह में प्यार और कड़ी मेहनत की कहानी है। हमें यह कहानी पेश करने के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ सहयोग करने की खुशी है। इसके जटिल किरदारों और दिलचस्प कहानी के साथ, हम दर्शकों का उत्साह बनाए रखना और प्रतिदिन उनका मनोरंजन करना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह सीरीज़ बहुत पसंद आएगी। इस सीरीज़ के बारे में डायरेक्टर, अनिल सीनियर ने बताया, गुनाह में हमने एक हीरो को एंटी हीरो बनते हुए उसकी जटिल प्रकृति को समझने का प्रयास किया है।

# बोनस शेयर बांट रहीं ऑयल कंपनियां, शेयरों में तेजी, 10 प्रतिशत तक उछले शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी ऑयल कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जबरदस्त तेजी आई है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड , भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड , ऑयल इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर सोमवार को 10 पर्सेंट तक चढ़ गए हैं। सबसे अधिक तेजी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयरों में देखने को मिली है। एचपीसीएल, बीपीसीएल और ऑयल इंडिया अपने निवेशकों को बोनस शेयर का तोहफा देने जा रही हैं। बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट करीब आ गई है। एग्जिट पोल से भी ऑयल कंपनियों के शेयरों को तगड़ा बूस्ट मिला है।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर सोमवार को 10 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 594.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। एचपीसीएल के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। महार प्रतिशत कंपनी एचपीसीएल ने 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 21 जून 2024 फिक्स की है। एचपीसीएल के शेयरों में पिछले एक साल में 130 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 8 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। बीपीसीएल के शेयर सोमवार को 8 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 687 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई के बिल्कुल करीब हैं। सरकारी कंपनी बीपीसीएल ने 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 22 जून फिक्स की है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयरों में पिछले एक साल में 90 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 8 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। ऑयल इंडिया के शेयर सोमवार को 682.20 रुपये पर पहुंच गए हैं और उन्होंने 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। ऑयल इंडिया लिमिटेड अपने निवेशकों को 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर दे रही है। यानी, कंपनी हर 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर देगी। ऑयल इंडिया के शेयरों में पिछले एक साल में 170 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के शेयरों में भी सोमवार को 8 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 176.40 रुपये पर पहुंच गए हैं।

## 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर दे रही है कंपनी, कीमत 100 रुपये से कम, पैसा हुआ है डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर देने वाली कंपनियों में एक नाम और जुड़ने जा रहा है। एलायंस इंटीग्रेटेड मेटालिक्स लिमिटेड की तरफ से बोनस शेयर का ऐलान किया गया है। कंपनी ने इसकी जानकारी पिछले हफ्ते शनिवार को शेयर बाजारों को दी है। बता दें, कंपनी के शेयरों का भाव 100 रुपये से भी कम है।

2 जून 2024, शनिवार को कंपनी की बोर्ड मीटिंग हुई। इसी मीटिंग में एक रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 शेयर बोनस के तौर पर देने का फैसला किया गया है। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है।

### 10 टुकड़ों में बंट चुका है शेयर

15 मार्च 2022 को कंपनी एक्स-स्प्लिट स्टॉक के तौर पर ट्रेड कर चुकी थी। तब कंपनी के शेयरों का 10 हिस्सों में बंटवारा किया गया था। इस बंटवारे के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो गई थी। कंपनी ने अभी तक निवेशकों को डिविडेंड भी नहीं दिया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में बाजार के बंद होने पर 1.40 प्रतिशत के इजाफे के साथ 71.79 रुपये पर था। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 165 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 86 प्रतिशत का लाभ मिला है। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों में पिछले एक महीने के दौरान 3.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

# अनिल अंबानी के शेयरों में तूफान, रिलायंस पावर और इंफ्रा के शेयरों में धुआंधार तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर मार्केट में सोमवार को धुआंधार तेजी देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेसेंक्स 2000 प्वाइंट से ज्यादा चढ़ गया है। बाजार की इस तेजी में अनिल अंबानी की कंपनियों के शेयर रॉकेट बन गए हैं। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। रिलायंस पावर के शेयर सोमवार को अपर सर्किट पर पहुंच गए हैं। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में भी 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।



### रिलायंस पावर के शेयरों में लगा अपर सर्किट

अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में सोमवार को अपर सर्किट लगा है। रिलायंस पावर के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 25.76 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 97 पर्सेंट का उछाल आया है। रिलायंस पावर के शेयर 5 जून 2023 को 13.10 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 3 जून 2024 को 25.76 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 960 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 5 जून 2020 को 2.43 रुपये पर थे। रिलायंस पावर के शेयर 3 जून 2024 को 25.76 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में सोमवार को 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। रिलायंस इंफ्रा के शेयर सोमवार को 179.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में रिलायंस इंफ्रा के शेयरों में करीब 35 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पिछले 4 साल में रिलायंस इंफ्रा के शेयरों में 725 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। रिलायंस इंफ्रा के शेयर 5 जून 2020 को 21.05 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर सोमवार 3 जून 2024 को 179.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 308 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 131.40 रुपये है।

## एग्जिट पोल में मोदी रिटर्न से पावर कंपनियों के शेयर बने रॉकेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में आई आज बंपर तेजी में सबसे अधिक दम पावर और एनर्जी कंपनियों के शेयर दिखा रहे हैं। लॉर्ज कैप सेगमेंट में सबसे ऊपर अडानी पावर है। आज इसमें करीब 16 फीसद की उड़ान है। अडानी पावर अब 874.90 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में दूसरी पावर कंपनियों में एक नाम है, पावर फाइनेंस कार्पोरेशन का। इस स्टॉक में भी 11.59 फीसद की तेजी है। यह स्टॉक आज 598.25 रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद अडानी पोर्ट्स और आईआरबी इंफ्रा को छोड़ दे तो फिर पावर ग्रिड का नंबर है। पावर ग्रिड आज सेंसेक्स का सिकंदर साबित हुआ है। यह स्टॉक आज 10.37 फीसद की उछाल के साथ 341.75 रुपये पर पहुंच गया है। इस लिस्ट में अडानी एनर्जी सॉल्यूशन भी है, जिसमें करीब 9 फीसद की उछाल है। वहीं एनटीपीसी है, जिसमें 8.57 फीसद की तेजी है।

दरअसल मोदी सरकार की अनुकूल सरकारी नीतियां कई कंपनियों में विकास को बढ़ावा दे रही हैं। माना यह जा रहा है कि अगर सरकार फिर सत्ता में बहुमत के साथ आती है तो रेलवे, इंफ्रा, एनर्जी पर बहुत अधिक फोकस करेगी। बता दें एक जून को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण समाप्त हुआ था और उसी शाम एग्जिट पोल्स ने तीसरी बार मोदी सरकार के बनने की भविष्यवाणी कर दी। इसका असर आज शेयर बाजार में देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत उछलकर 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयरों में भारी तेजी के बाद बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार के दौरान 12,48,952.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,24,61,833.82 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई एग्जिट पोल में एनडीए को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अनुमान लगाया गया है। लोकसभ चुनाव के परिणाम चार जून को आएंगे।

## अरबपति नेल्सन पेल्ट्ज ने डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची

### एक अरब डॉलर के मुनाफे के साथ हुआ सौदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति निवेशक और एक्टिविस्ट नेल्सन पेल्ट्ज ने बुधवार को डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। पेल्ट्ज़ और उनके हेज फंड, ट्रायन फंड मैनेजमेंट ने मीडिया और मनोरंजन समूह के खिलाफ लंबे समय से चल रही अपनी प्रॉक्सी वॉर में हार के करीब दो महीने बाद यह बिकवाली की। रिपोर्ट्स के अनुसार पेल्ट्स ने अपनी पूरी हिस्सेदारी करीब 1 अरब डॉलर के मुनाफे में बेची है। पेल्ट्ज़ ने अपने सभी डिज्नी स्टॉक को लगभग 120 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर बेच दिया। पेल्ट्ज के हेज फंड ट्रायन फंड मैनेजमेंट के पास करीब 3.5 अरब डॉलर के डिज्नी के शेयर थे। एक परिचित के मुताबिक इस सौदे के जरिए पेल्ट्स को करीब एक अरब डॉलर का मुनाफा हुआ। कंपनी के शेयर करीब 100 डॉलर प्रति शेयर के भाव कारोबार कर रहे हैं। डिज्नी के शेयर इस साल अब तक लगभग 11 प्रतिशत तक चढ़े हैं। पेल्ट्ज़ के ट्रायन पार्टनर्स ने अप्रैल की शुरुआत में डिज्नी में एक प्रॉक्सी लड़ाई हारने के हफ्तों बाद यह बिकवाली की है। पेल्ट्ज खुद को और डिज्नी के पूर्व वित्त प्रमुख जे रासुलो को कंपनी के बोर्ड में चुनने की मांग कर रहे थे।

## जोमैटो ने ग्राहकों से कहा भरी दोपहरी की लू में आर्डर करने से बचें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी से तप रहा है। दिल्ली एनसीआर ही नहीं, देश के कई इलाकों में भयंकर लू चल रही है। ऐसे में फूड डिलीवरी प्लेटफार्म जोमैटो ने ट्विटर या एक्स प्लेटफार्म पर एक पोस्ट किया कि भरी दोपहरी में आर्डर करने से बचें। कंपनी का आशय शायद अपने डिलीवरी पार्टनर को लू से बचाने का था। लेकिन ग्राहकों ने कहा कि अपनी सर्विस को सस्पेंड क्यों नहीं कर देते। जोमैटो ने रविवार, दो जून को दोपहर 1.41 बजे एक ट्वीट किया। इसमें लिखा गया था कि जब तक बहुत जरूरी नहीं हो ।

# सरकारी बैंकों के शेयरों पर टूटे निवेशक, सभी 12 स्टॉक्स में बंपर उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एग्जिट पोल्स में मोदी सराकर के फिर आने के प्रबल आसार से शेयर मार्केट रॉकेट बन गया है। सरकारी बैंकों के शेयरों पर निवेशक टूट पड़े हैं। पीएसयू बैंक निफ्टी 4.41 फीसद उछलकर 7711 के लेवल पर पहुंच गया। इसमें 325 फीसद की उछाल दर्ज की गई। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में आए इस तेजी के बंपर तूफान में सबसे बड़ा योगदान इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक समेत सभी 12 बैंकिंग स्टॉक्स का है।

इंडियन बैंक के शेयर आज 629.90 रुपये पर खुले। शुरुआती कारोबार में 5.94 पर्सेंट की तेजी के साथ 601.20 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। आज इसने 632.70 रुपये का 52 हफ्ते का हाई बनाया।





इस सरकारी बैंक के शेयरों को खरीदने के लिए लूट मची है। आज यह 277 रुपये पर खुलने के बाद 284.35 रुपये के दिन के हाई पर पहुंच गया। इसका 52 हफ्ते का हाई 285.60 रुपये है। शुरुआती कारोबार में यह 5.87 पर्सेंट की तेजी के साथ 280.45 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर आज 863.55 रुपये पर खुलने के बाद 52 हफ्ते के नए हाई 877.20 रुपये पर पहुंच गए। करीब सवा दस बजे एसबीआई के शेयर 4.48 फीसद ऊपर 867.55 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। इंडियन ओवरसीज बैंक के शेयर भी 4.28 फीसद ऊपर 71.85 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। सुबह यह स्टॉक 73.70 रुपये पर खुला और 73.70 रुपये पर पहुंच गया। केनरा बैंक भी आज अपने 52 हफ्ते के हाई 126.58 रुपये के बेहद करीब 125.35 रुपये पर पहुंचने में कामयाब रहा। यह स्टॉक सवा दस बजे के करीब 4.24 फसद ऊपर 123 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस पीएसयू बैंक के शेयरों में साढ़े दस बजे के करीब 3.85 फीसद की तेजी थी। आज यह 135 रुपये पर खुला और 133.65 रुपये पर पहुंच गया। यूनियन बैंक के शेयरों में 3.72 फीसद की तेजी है और यह 166.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। सुबह इसने 168 शुरुआत की और 169 रुपये के 52 हफते के हाई पर पहुंच गया।

# ईपीएफओ ने शुरू की नई सुविधा, पीएफ क्लेम करते ही खाते में आ जाएगा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने सदस्यों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ ने ऑनलाइन पीएफ क्लेम के लिए पासबुक या चेक की कॉपी को अपलोड करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। ऐसा होने से क्लेम को सेटल में तेजी आएगी और पीएफ का पैसा जल्द बैंक खाते में आ जाएगा।




ईपीएफओ के नए सर्कुलर के मुताबिक, क्लेम को निपटाने के लिए नई प्रक्रिया अपनाई गई है। इसके तहत जिन ऑनलाइन क्लेम में बैंक केवाईसी को बैंक की ओर ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया गया है और नियोक्ता की ओर से अन्य सत्यापन दस्तावजों पर डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर किए गए होंगे, वहां चेक या सत्यापित बैंक पासबुक की कॉपी अपलोड करना अब आवश्यक नहीं होगा। अभी ज्यादातर मामलों में ऐसा न करने पर दावों को खारिज कर दिया जाता है। खास बात है कि दावा निपटाने की प्रक्रिया के दौरान ईपीएफओ अधिकारी को वेबसाइट के रंग से यह पता चल जाएगा कि इस मामले में चेक या बैंक पासबुक का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है या नहीं है। इसके लिए पहले से ऑनलाइन सत्यापित खातों की पहचान करने के लिए इन्हें हरे रंग से कोड किया जाएगा, जिससे अधिकारी दावे का निपटान जल्दी से कर सकें। यदि खाता सत्यापित नहीं है तो लाल रंग का कोड होगा। ऐसे मामलों में चेक या पासबुक की कॉपी मांगी जा सकती है।

### इन मामलों में मिलेगी छूट

यह छूट केवल उन मामलों में मिलेगी, जहां ईपीएफओ सदस्य के दूसरे सत्यापन दस्तावेज पूरे होंगे। इनमें संबंधित बैंक या एनपीसीआई द्वारा बैंक केवाईसी का ऑनलाइन सत्यापतन, डीएससी का उपयोग करके नियोक्ता द्वारा बैंक केवाईसी का सत्यापन और यूएडीएआई द्वारा सत्यापित आधार संख्या आदि शामिल हैं।

### सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भेजी सूचना

ईपीएफओ ने इस बाबत अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को सूचित कर दिया है। ईपीएफओ ने ईमेल के जरिए सर्कुलर भेजा है। ऐसे मामलों में दावे से जुड़े पीडीएफ फाइल में एक संदेश दिखाई देगा। इसमें लिखा होगा कि बैंक ने केवाईसी को ऑनलाइन सत्यापित किया है और नियोक्ता ने डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। ऐसे दावों की जांच करने वाले अधिकारियों के लिए रंग द्वारा कोडिंग करने की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। तब तक उन्हें मैनुअल तरीके से फाइल जांचनी होगी।

# ठीक से नहीं चल रहा है जेरोधा, यूजर्स मालिक पर जमकर बरसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दूसरे सबसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जेरोधा के ग्राहकों को आज सुबह दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टेक्निकल समस्याओं की वजह से प्रभावित ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर जाकर जेरोधो को आड़े हाथ लिया। बता दें, आज शेयर बाजार रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। एक्जिट पोल में मोदी सरकार की वापसी के मिल रहे संकेतों के बाद आज तेजी देखने को मिली है।

### सोशल मीडिया पर बरसे यूज़र्स

सोशल मीडिया पर एक यूजर्स ने लिखा, मेरी समझ कहती है कि सोमवार को जिरोधा पर विश्वास ना करें। वीकेंड के बाद ये समस्याएं काफी सामान्य हो गई हैं। एक अन्य यूजर्स ने लिखा, बड़े दिन जेरोधा में समस्या सामान्य बात है। आज भी जेरोधा अच्छे से नहीं चल रहा है। सोचिए कल क्या होगा। पॉडकास्ट करवा लो इनसे बस....

एक और अन्य यूजर्स ने लिखा है, निफ्टी आज ओपनिंग में 700 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर सकता है। सबसे बड़ी चिंता ये है कि आज जेरोधा काम करेगा या नहीं



लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार की जीत के अनुमान के बीच घरेलू बाजारों सेंसेक्स के सोमवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने से निवेशकों की आय 12.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत उछलकर 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

शेयरों में भारी तेजी के बाद बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार के दौरान 12,48,952.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,24,61,833.82 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई 'एग्जिट पोल' में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अनुमान लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को आएंगे।

नामीबिया वर्सेस ओमान

# 39 साल के डेविड विसी ने नामीबिया को सुपर ओवर में दिलाई जीत

## ओमान को हराकर जीत से की शुरुआत

**बारबाडोस, एजेंसी।** नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसी ने ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप-बी मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और टीम को सुपर ओवर में जीत दिलाई। ओमान ने 109 रन बनाए थे, लेकिन नामीबिया की टीम 20 ओवर बाद छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी और मैच टाई रहा। इसके बाद मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये किया गया जहां डेविड विसी ने कप्तान गेरहार्ड एरासमस के साथ मिलकर तूफानी बल्लेबाजी की और जीत दर्ज की। 39 साल के विसी ने सुपर ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे नामीबिया ने ओमान के सामने जीत के लिए 22 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद विसी गेंदबाजी भी करने आए और उन पर लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने की जिम्मेदारी थी जिसे उन्होंने बखूबी निभाया और नामीबिया की जीत से शुरुआत कराई।

**दोनों टीमों के बीच मुकाबला टाई रहा** – इससे पहले, नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। विसी ने पहले कप्तान एरासमस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। नामीबिया के लिए सुपर ओवर में विसी ने 13 रन बनाए, जबकि एरासमस ने आठ रनों का योगदान दिया। इसके बाद इस लक्ष्य का बचाव करने के लिए भी कप्तान ने विसी पर भरोसा जताया। विसी ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। इस तरह नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में 11 रन से जीत दर्ज की।




**2012 के बाद पहली बार हुआ सुपर ओवर** – टी20 विश्व कप में 2012 के बाद पहली बार हुआ जब किसी मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये निकला। यह इस वैश्विक टूर्नामेंट में चौथा मौका था जब कोई मैच टाई रहा, लेकिन सिर्फ तीन बार ही सुपर ओवर से मैच का नतीजा निकाला गया है। नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबले से पहले 2012 में कैंडी में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच खेला गया मैच का नतीजा भी सुपर ओवर के जरिये निकला था जिसमें श्रीलंका ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा 2012 में ही वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच मैच का फैसला भी सुपर ओवर के जरिये हुआ, तब वेस्टइंडीज ने वो मुकाबला अपने नाम किया था।

**नामीबिया की धीमी बल्लेबाजी** – कम लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज माइकल वान लिंगेन का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद निकोलास डेविन भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, जैन फ्रीलिंक ने सधी हुई बल्लेबाजी की, लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे जिससे नामीबिया की बल्लेबाजी धीमी पड़ गई। इसका खामियाजा अंत में टीम को उठाना पड़ा। फ्रीलिंक के आउट होने के बाद नीमीबिया पर दबाव बढ़ा। फ्रीलिंक 45 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक से चूक गए।

### रुबेन ट्रंपेलमैन का शानदार प्रदर्शन

इससे पहले, नामीबिया ने टॉस जीतकर ओमान को बल्लेबाजी का न्योता दिया। तेज गेंदबाज रुबेन ट्रंपेलमैन ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर ओमान को दोहरे झटके दिए और टीम की पारी लड़खड़ा दी। ट्रंपेलमैन भले ही हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, लेकिन उनकी गेंदबाजी के दम पर ही ओमान बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सका। ओमान के लिए खालीद कइल ने 34 रन और जीशान मसूद ने 22 रन बनाए जिसके दम पर टीम किसी तरह 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। ओमान की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

### अंतिम ओवर का रोमांच

नामीबिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए पांच रनों की जरूरत थी और उसके छह विकेट शेष थे। ओमान के लिए मेहरार खान गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली ही गेंद पर फ्रीलिंक को आउट किया जो सेट बल्लेबाज थे। इसके बाद जेन ग्रीन अगली गेंद पर रन नहीं ले सके और तीसरी गेंद पर मेहरार ने ग्रीन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। चौथी गेंद पर मलान क्रुगर ने एक रन लिया और स्ट्राइक डेविड विसी को दी। पांचवीं गेंद पर विसी ने दो रन लिए। अब टीम को जीत के लिए एक गेंद पर दो रन चाहिए थे। विसी गेंद मिस कर गए और गेंद विकेटकीपर के पास गई। विसी एक रन लेने के लिए दौड़े और विकेटकीपर से रन आउट मिस हो गया। इस तरह 20 ओवर की समाप्ति के बाद दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर रहा।



वेस्टइंडीज वर्सेस पीएनजी

## विश्व कप में वेस्टइंडीज की पहली जीत, पीएनजी को पांच विकेट से हराया, सेसे बाऊ की मेहनत पर फिरा पानी

**गयाना, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में पापुआ न्यू गिनी के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज सेसे बाऊ बन गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे इस खिलाड़ी ने 43 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और एक छक्का निकला। टी20 विश्व कप 2024 के तहत ग्रुप सी का पहला और दिन का दूसरा मुकाबला वेस्टइंडीज और पीएनजी के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएनजी ने सेसे बाऊ की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 136 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 137 रन बनाए। रोवमैन पॉवेल की टीम ने यह मुकाबला छह गेंदों के शेष रहते हुए पांच विकेट से मैच जीत लिया।

**रॉस्टन-रसल ने अंतिम ओवरों में पलटा मैच** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत झटके के साथ हुई। एली नाओ ने जॉनसन कार्ल्स को अपना शिकार बनाया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा निकोलस पूरन ने संभाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी निभाई। जॉन करिको ने विकेटकीपर बल्लेबाज पूरन को नौवें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। वह एक चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, किंग 34 रन बनाकर डगआउट को लौट गए।

टी-20 वर्ल्डकप

## आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले भारत के शीर्ष खिलाड़ियों पर भड़के पठान, दिया चौंकाने वाला बयान



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एकमात्र अभ्यास मैच में भारत ने आठ गेंदबाजों को आजमाया, जिनमें छह को सफलता मिली जबकि कुलदीप और जडेजा को कोई विकेट नहीं मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी भारतीय टीम इतने ही गेंदबाज आजमा सकती है। टी20 विश्व कप 2024 का आगाज हो चुका है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इस मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारतीय टीम के शीर्ष खिलाड़ियों पर गुस्सा जाहिर किया है। पठान ने कहा कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव का गेंदबाजी ना करना टीम को कमजोर बना रहा है। टी20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए भारतीय स्क्वॉड में अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने चार स्पिनर (शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल) और चार तेज गेंदबाजों (हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज) को टीम में शामिल किया है। इनमें शिवम, जडेजा, अक्षर और हार्दिक पार्ट टाइम गेंदबाज हैं। ऐसे में भारत के पास दो फुल टाइम स्पिनर और तीन फुल टाइम पेसर हैं।

**अभ्यास मैच में भारत ने आजमाए आठ गेंदबाज** – हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एकमात्र अभ्यास मैच में भारत ने आठ गेंदबाजों को आजमाया, जिनमें छह को सफलता मिली जबकि कुलदीप और जडेजा को कोई विकेट नहीं मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी भारतीय टीम इतने ही गेंदबाज आजमा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि कई मौकों पर यशस्वी जायसवाल भी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसी विषय में बात करते हुए पठान ने कहा, जरूरत पड़ने पर जायवाल भारत के लिए एक दो ओवर गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इससे टीम को फायदा होगा।

### इरफान ने दिया यह सुझाव

पूर्व ऑलराउंडर ने सुझाव देते हुए कहा, चयनित की गई टीम में दो संयोजन हो सकते हैं। पहला आप बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने के लिए अक्षर पटेल सहित छह गेंदबाजों के साथ खेल सकते हैं। दूसरे संयोजन के तहत आप 4 मुख्य गेंदबाजों के साथ खेल सकते हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या गेंदबाजी करेंगे।

### रोहित, विराट और सूर्या पर पठान ने कसा तंज

पठान ने आगे कहा, अगर हार्दिक 3,4 ओवर डालने में कामयाब रहते हैं तो यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। हमारे टीम के मुख्य बल्लेबाज जैसे रोहित, विराट या सूर्यकुमार यादव गेंदबाजी नहीं करते हैं। जो हमें कुछ हद तक कमजोर बना देता है। इन तीनों खिलाड़ियों में से अगर कोई एक खिलाड़ी भी गेंदबाजी करता तो इससे टीम को काफी फायदा होता।

टी-20 वर्ल्डकप

## भारतीय टीम में नहीं चुने जाने पर छलका रियान पराग का दर्द, कह डाली बड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलने वाले रियान का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में काफी अच्छा रहा था। 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2024 सीजन में 573 रन बनाए थे और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट करीब 150 का रहा था। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग का चयन टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं हुआ था। अब इसका रियान इसका दर्द छुपा नहीं पा रहे हैं और उन्होंने वैश्विक टूर्नामेंट को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। रियान से जब पूछा गया कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली शीर्ष चार टीमें कौन सी होंगी तो उन्होंने कहा कि वह इस टूर्नामेंट को देखने के इच्छुक नहीं है। रियान ने कहा कि वह उस वक्त शीर्ष चार टीम के बारे में सोचेंगे जब वह खुद इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे।



आईसीसी टी20 विश्व कप की शुरुआत अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो चुकी है। रियान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे वह शुरुआत में बता रहे हैं कि उनकी पहली पसंद भारत होगा, लेकिन बाद में उन्होंने इस बारे में बात करने से मना कर दिया कि कौन सी टीमें शीर्ष चार में पहुंचेंगी।

**मैं विश्व कप नहीं देख रहा** – पराग ने एक इंटरव्यू में कहा, शीर्ष चार टीमों की बात करना पक्षपातपूर्ण होगा, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं विश्व कप देखना भी नहीं चाहता। मैं बस अंत में देखूंगा कि कौन जीता और खुश रहूंगा। जब मैं विश्व कप खेलूंगा उस वक्त में शीर्ष चार टीमों के बारे में विचार करूंगा। हाल ही में रियान ने दावा किया था कि वह एक दिन जरूर भारतीय टीम के लिए खेलेंगे। रियान ने कहा था, एक समय आपको मुझे लेना ही होगा, यह मेरा भरोसा है कि मैं भारत के लिए खेलूंगा। यह कब होगा मुझे इसकी परवाह नहीं है।

**आईपीएल में शानदार रहा था रियान का प्रदर्शन** – आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलने वाले रियान का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में काफी अच्छा रहा था। 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2024 सीजन में 573 रन बनाए थे और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट करीब 150 का रहा था।

## मिनर्वा के 6 फुटबॉलर वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

**चंडीगढ, एजेंसी।** भारत आगामी विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत और कतर से भिड़ने के लिए तैयार है, जिसका पहला क्वालीफायर 6 जून को कोलकाता में होगा। मिनर्वा एकेडमी के 6 सॉकर स्टार्स को भी टीम में शामिल किया गया है और वे देश को सम्मान दिलाने के लिए एक बार फिर से तैयार हैं। डिफेंडर अनवर अली और नरेंद्र गहलोत, मिडफील्डर जेकसन सिंह और अनिरुद्ध थापा, और फॉरवर्ड मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह सभी मैदान पर राष्ट्रीय टीम के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। टीम इंडिया के लिए उतरने को वे तैयार हैं। अनवर अली मिनर्वा के टॉप प्लेयर्स में से एक हैं और नेशनल टीम में वे अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते रहे हैं। सेंटर बैक ने हाल ही में आईएसएल लीग शील्ड हासिल की और मैदान पर उनकी उपस्थिति कठिन विरोधियों के खिलाफ रक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण होगी। नरेंद्र गेहलोत भी उनके साथ गोच बचाने के लिए पिच पर मौजूद रहेंगे। वे एक मजबूत डिफेंडर हैं और पहले भी कई बार वे ये जिम्मेदारी निभा चुके हैं। मिडफील्ड एरिया में जैक्सन सिंह अपनी रक्षात्मक क्षमता और आक्रामक क्षमता के साथ टीम को मजबूती देंगे। जैक्सन को फीफा विश्व कप मैच में भारत के पहले गोल स्कोरर होने का गौरव प्राप्त है और चोट से उनकी वापसी से टीम के मिडफील्ड विकल्प मजबूत होंगे। उनके साथ गतिशील और रचनात्मक मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा भी होंगे। वे नेशनल टीम के मिडफील्ड एरिया में नियमित रूप से अच्छा कर रहे हैं।



खास खबर

## पीएसजी का साथ छोड़ जल्द नये क्लब में शामिल होंगे किलियन एम्बाप्पे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई साल तक पीएसजी के लिए खेलने के बाद फ्रांस के युवा फुटबॉल सुपरस्टार एमबाप्पे ने एक नए क्लब से जुड़ने की योजना का खुलासा किया था। हालांकि, तब उन्होंने अपने नए क्लब का नाम नहीं बताया था। अब खबरें आ रही हैं कि वह रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे। पिछले डेढ़ साल से ही यह साफ था कि किलियन एम्बाप्पे स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे लेकिन इस पर न तो क्लब ने और न ही युवा फुटबॉलर ने कभी खुलकर बात की। जानकारी के अनुसार, रियल मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा जल्द की जाने वाली है। स्पेनिश आउटलेट मार्का की एक रिपोर्ट के अनुसार, किलियन एम्बाप्पे के जुड़ने की घोषणा सोमवार या हद से हद मंगलवार तक की जाएगी। क्लब ने फ्रांसीसी खिलाड़ी के आगमन की घोषणा करने के लिए अपने अभियान की समाप्ति का इंतजार किया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमबाप्पे जुलाई में सैंटियागो बर्नब्यू में रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें देरी का कारण यह है कि एमबाप्पे वर्तमान में अपनी नेशनल टीम के प्रशिक्षण शिविर में आगामी यूरो के लिए तैयारी कर रहे हैं। फ्रांस 15 जून से शुरू होने वाली एक महीने की प्रतियोगिता के लिए जर्मनी की यात्रा करने से पहले दो फ्रेंडली मैचों में लक्ज़मबर्ग और कनाडा के खिलाफ खेलेगा। 2018 का विश्व चैंपियन रहा फ्रांस टूर्नामेंट के फेवरेट्स में से एक है। उसे ग्रुप चरणों में एक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि वह पोलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया के साथ ग्रुप डी में है। दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉल क्लब में से एक रियल मैड्रिड ने 1 जून को यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वीं बार यह टाइटल जीता और इसके एक दिन बाद ही किलियन एमबाप्पे के इस क्लब में शामिल होने की खबर पर आखिरी मुहर लग गई।

## कमिंस का लगेज चोरी, मैक्सवेल और स्टार्क की फ्लाइट लेट

- बड़ी मुश्किल से बारबाडोस पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच की तैयारियों में जुटी है, लेकिन टीम के कई प्रमुख खिलाड़ियों को बारबाडोस में टीम से जुड़ने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस सफर में कमिंस का सामान ही चोरी हो गया। वहीं, स्टार्क और मैक्सवेल भी जैसे-तैसे बारबाडोस पहुंचे।

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को इस सफर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कमिंस की बारबाडोस तक की यात्रा पूरे दो दिनों में पूरी हुई। एश्टन एगर ने मीडिया से कहा, फ़कई खिलाड़ी आईपीएल में भारत में लंबे समय तक रहे हैं, उनमें से कुछ ने तो 48 घंटे घर पर भी बिताए हैं, इसलिए ऐसा ब्रेक खिलाड़ी को थोड़ी राहत और ताजगी देता है। इस बीच, स्टार्क और मैक्सवेल को फ्लाइट में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें लॉस एंजिल्स और मियामी में रात भर रुकना पड़ा। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उनका क्रिकेट किट अभ्यास मैच के लिए त्रिनिदाद नहीं पहुंचा। यही वजह थी कि वो वेस्टइंडीज के खिलाफ वॉर्म-अप मैच नहीं खेल पाए। हालांकि, टीम इन तमाम मुश्किलों के बाद भी अपने विश्व कप लक्ष्यों से पीछे नहीं हटी है। इन तमाम चुनौतियों के अगले दिन, एश्टन एगर और अन्य चार खिलाड़ियों ने सेंट फिलिप के दक्षिण पूर्वी पेरिस में स्थित विंडवार्ड क्रिकेट क्लब में एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 6 जून को ओमान के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन, बारबाडोस में शुरू करेगा। इसके बाद उनका अगला मैच 9 जून को इंग्लैंड के साथ होगा। ऑस्ट्रेलिया के पास दोनों अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों की कमी थी और उनकी 15 सदस्यीय टीम में से केवल 9 खिलाड़ी ही उपलब्ध थे।



# गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए बेस्ट रहेंगे ये सलवार-सूट

**स्टाइलिश दिखने के लिए आपको बॉडी टाइप के हिसाब से ही सूट के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक्स को री-क्रिएट करें।**

सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। वहीं इसमें आपको कई तरह के डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। बदलते फैशन के दौर में आपको और खासकर गर्मी के मौसम में हम स्किन फ्रेंडली फैब्रिक और डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं ज्यादातर ऑफिस जाने के लिए हम सिंपल और मिनिमल डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं ऑफिस में पहनने के लिए सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को आकर्षक बनाने के कुछ आसान टिप्स

## ए-लाइन सूट

खासकर प्लस साइज इस तरह की स्ट्रैट फिटिंग वाले सलवार-सूट को पहनना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए यह आपकी बॉडी को फ्लेयर के साथ परफेक्ट और स्लिम लुक देने में सहायता करते हैं। बदलते दौर में इस तरह में आजकल घुटने तक और फ्लोर लेंथ सूट को पसंद किया जा रहा है।

## लूज डिजाइन सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल लूज डिजाइन के सलवार-कमीज काफी चलन में हैं। इसमें आपको धोती व एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स के साथ में कई डिजाइन के सूट देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो इसमें आलिया कट और नायरा कट सूट के डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है।

## अंगरखा डिजाइन सूट

फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के फ्रंट डोरी यानी अंगरखा डिजाइन के सूट को वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आजकल फ्लोर टच लेंथ को काफी ज्यादा सराहा जा रहा है। वहीं डोरी को हैवी और फैंसी लुक देने के लिए आप इसमें लटकन भी लगवा सकती हैं।




# बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटाने के लिए कर सकते हैं इन तरीकों का इस्तेमाल

**AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफिकेशन करके, माइक्रो-एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है। इससे बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटा सकते हैं।**

बैंक से जुड़े किसी भी काम कराने के लिए कई बार हमें लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, बिना लाइन में खड़े हुए भी आप बैंक से जुड़े किसी भी काम को सिर्फ आधार कार्ड के जरिए कर सकते हैं।

## आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम = बैंकों की लंबी लाइन से मिलेगी आजादी

नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू किया गया आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों में खास तौर से फायदेमंद है, जहां बैंक शाखाएं कम हैं और लोगों को बुनियादी बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी लाइन खड़ी करनी पड़ती हैं। यह एक डिजिटल लेन-देन प्रणाली है, जो आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करके वित्तीय लेन-देन की सुविधा देती है। AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफ़िकेशन करके, माइक्रो एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है।

## AePS क्या है?

AePS एक बैंक-आधारित मॉडल है, जो आधार कार्ड और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का इस्तेमाल करके कस्टमर को अलग-अलग बैंकिंग लेनदेन करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि आपको बैंक शाखा में जाने या एटीएम का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाकर लेनदेन कर सकते हैं।

## AePS की खासियत

- यह आधार कार्डधारकों को आसानी से लेनदेन शुरू करने और खत्म करने की सुविधा देता है।
- यह बैंकों को अपने शाखा नेटवर्क से बाहर के ग्राहकों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करता है।
- यह वंचित क्षेत्रों में बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मददगार है।
- यह सरकारी हकदारियों, जैसे कि मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विकलांग वृद्धावस्था पेंशन का वितरण भी करता है।

## इस्तेमाल कैसे करें

- AePS का इस्तेमाल करने के लिए, सबसे पहले अपने बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक करें। फिर, अपने बैंक से संपर्क करके बताएं कि आप AePS का इस्तेमाल करना चाहते हैं। भुगतानकर्ता या लाभार्थी के पास AePS होना जरूरी नहीं है।
- किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाएं। अपना आधार कार्ड दर्ज करें। अपनी बायोमेट्रिक जानकारी (आमतौर पर फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन) प्रदान करें। लेनदेन का प्रकार चुनें (जैसे नकद निकासी, फंड ट्रांसफर)। जरूरी जानकारी दर्ज करें (जैसे राशि, प्राप्तकर्ता का अकाउंट नंबर)। लेनदेन की पुष्टि करें।

## क्या है के लाभ

- आधार कार्ड धारक अपने आधार-सक्षम बैंक खाते तक पहुंच सकते हैं।
- शेष राशि की जांच की जा सकती है।
- नकद निकासी की जा सकती है।
- पैसे ट्रांसफर किए जा सकते हैं।
- जमा किए जा सकते हैं।
- विदेश में पैसा भेजा जा सकता है।
- बैंक से जुड़े दूसरे काम किए जा सकते हैं।
- किसी भी बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के जरिए पीओएस (माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन लेन-देन किए जा सकते हैं।
- कैशलेस भुगतान और पैसे के लेनदेन को बढ़ावा मिलता है।
- AePS भारत में वित्तीय दर को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान कर रहा है और उन्हें बैंक शाखाओं पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद कर रहा है। इसके जरिए, आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए पेमेंट किया जा सकता है।

## AePS के जरिए ये काम किए जा सकते हैं

नकद जमा, नकद निकासी, बैलेंस पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, आधार से आधार फंड ट्रांसफर।





# प्रोडक्ट डिफेक्टिव निकलने पर भी हो सकता है स्कैम इन बातों का रखें ध्यान

**ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के साथ-साथ, खराब प्रोडक्ट या गलत प्रोडक्ट मिलने पर रिफंड या रिप्लेसमेंट के नाम पर स्कैम होने का खतरा भी बढ़ गया है। इन बातों का ध्यान रखें।**

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग के बाद डिलिवर हुए डिफेक्टिव प्रोडक्ट का कंपनी के कस्टमर केयर से कंप्लेंट कर के सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। या फिर सोशल मीडिया पर कंपनी को टैग कर के स्टोरी लगाते हैं, तो सावधान हो जाइए, आपके साथ स्कैम हो सकता है। असल में जब कोई कस्टमर सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट करता है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर के आपके साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में तेजी से बढ़ोतरी के साथ, फ्रॉड के मामले भी बढ़ रहे हैं। प्रोडक्ट डिफेक्टिव यानी फॉल्टी प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर भी स्कैम हो रहे हैं, इसके लिए स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। ये स्कैमर्स, फेक ब्रांड कस्टमर बनकर लोगों से बात करते हैं। फिर, ग्राहक को प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर मैसेज पर लिंक भेजते हैं। इस लिंक में ग्राहक से बैंक डिटेल्स भरवाई जाती हैं और फिर अकाउंट खाली कर दिया जाता है।

**रिफंड और रिकवरी घोटालों से बचने के लिए, इन बातों का ध्यान रखें –**

गाइडलाइन के मुताबिक कभी भी बैंक ट्रांजैक्शन की डिटेल सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए। इसके अलावा ब्रांड के ही कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर पर ही कंप्लेंट करें।

- अगर कंप्लेंट करने पर भी कार्रवाई न हो तो, कंज्यूमर फोरम में शिकायत करें।
- ऐसी किसी भी कार्रवाई के लिए मामले का निवारण न हो जाने तक कस्टमर और कंपनी के बीच बात रखें, गोपनीयता बनाए रखने से स्कैम होने का डर कम हो जाता है।
- अपनी खोई हुई रकम से ज्यादा रकम का रिफंड चेक न जमा करें।
- कुछ घोटालेबाज कहेंगे कि उन्होंने चेक भुनाने, बकाया राशि अपने पास रखने और बाकी रकम लौटाने में गड़बड़ी की है। इससे अक्सर घोटाला हो सकता है।
- किसी बैंक को यह पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं कि उसके द्वारा क्लीयर किया गया चेक नकली था।
- इस बीच, अगर आप घोटालेबाज को पैसे लौटाते हैं, तो बैंक आपसे वह पैसा चुकाना चाहेगा।

**इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर भी स्कैम होते हैं। ऐसे में, इन बातों का ध्यान रखें**

- अनचाहे मैसेज
- अर्जेंट रिक्वेस्ट
- संदिग्ध लिंक
- निजी जानकारी के लिए रिक्वेस्ट
- सोर्स को वेरीफाई करें
- पर्सनल डिटेल्स साझा करने से बचें
- सेफ प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें

### ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित खरीदारी

- केवल पहचानें वेबसाइटों और विक्रेताओं से खरीदारी करें।
- खरीदने से पहले उत्पाद समीक्षाएं और रेटिंग जरूर पढ़ें।
- क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते समय, इस बात का ध्यान रखें कि वेबसाइट HTTPS सुरक्षित है।
- अपनी निजी जानकारी शेयर करने में सावधानी बरतें, किसी भी विक्रेता के साथ अपनी बैंक अकाउंट जानकारी या अन्य जानकारी शेयर करने से पहले सावधान रहें।
- अगर कोई ऑफर या छूट बहुत अच्छी लगती है, तो कई बार यह सच नहीं भी होता है।
- अपने बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को नियमित तौर पर जांचें और किसी भी अनऑथराइज्ड लेनदेन की रिपोर्ट करें।



# बच्चों का ब्रेन शार्प के लिए अभी से कराएं ये एक्टिविटी

## फ्यूचर संवारने में मिलेगी मदद

हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके।

### रोजाना योग की आदत

बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

### ब्रेन एक्सरसाइज

बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा।

### टीम वर्क की आदत

टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

### बच्चों में स्किल भी है जरूरी

आज की तारीख में स्किल की बहुत डिमांड है। सिर्फ किताबी कीड़ा होने से अब जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों के इंटरेस्ट के अनुसार, उन्हें कोई न कोई स्किल जरूर होनी चाहिए। फिर चाहे वह कुकिंग की स्किल हो या फिर म्यूजिक या डांसिंग की। बच्चे में कोई न कोई स्किल की आदत जरूर होनी चाहिए।



# 36 वर्ष की वाणी कपूर पर है शादी का दबाव ?

**एक्ट्रेस वाणी कपूर कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्हे रणवीर सिंह के साथ फिल्म बेफिक्रे से कामयाबी हासिल की थी। ऐसे में एक्ट्रेस वाणी कपूर जल्द नई फिल्म के साथ एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर कदम रखने जा रही है। यशराज फिल्म्स की फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फैंस को नए अवतार में नजर आने वाली हैं।**

ऐसे में 36 साल की एक्ट्रेस ने अपनी शादी को मानसिक रूप से जोड़ दिया है। उन्होंने अपने लाइफ पार्टनर को लेकर भी कई बातें की। वाणी कपूर से शादी और पार्टनर को लेकर पूछा गया था कि क्या उन पर शादी का दबाव है या नही? वह खुद शादी को लेकर क्या सोचती हैं? ऐसे में एक्ट्रेस ने कहा, "मेरे ऊपर शादी को लेकर कोई दबाव नहीं है। मेरा यही मानना है कि शाद से पहले आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना और खुद के भरोसे चलना बेहद जरूरी है। शादी आपको तब करनी चाहिए, जब आप मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हों। किसी और के साथ जीवन बिताने का फैसला करने से पहले जरूरी है आप खुद को जानें खुद के साथ समय बिताएं। सबसे बड़ी बात आपको यह पता होना चाहिए कि आप शादी क्यों कर रहे हैं। ताकि आप उस शादी में ईमानदार रहें और अच्छे से उसे चला सकें।"

# 'मिर्जापुर 3' की रिलीज डेट पर लगा ब्रेक !



**प्राइम वीडियो की सीरीज 'मिर्जापुर 3' को लेकर फैंस जितने खुश थे वह सभी दुखी होने वाले है। खबर है कि 'मिर्जापुर 3' की रिलीज डेट आगे बढ़ सकती है। मिर्जापुर के पहले के 2 सीजन काफी शानदार रहे थे। पहला सीजन साल 2018 में आया था और दूसरा सीजन साल 2020 में रिलीज हुआ था।**

अब तीसरे सीजन का इंतजार फैंस 4 साल से कर रहे हैं। फैंस को लगा था कि 'पंचायत 3' के बाद 'मिर्जापुर 3' ओटीटी पर दस्तक दे देगी, पर ऐसा शायद नहीं होगा। 'मिर्जापुर 3' को लेकर मेकर्स कई दिनों से एक सीरीज चला रहे थे इसमें हर कैरेक्टर से पूछा जा रहा था कि 'पार्ट 3' कब रिलीज होगा? चाहे वह दद्दा त्यागी हों या जेपी यादव अपने-अपने तरीके से हर कोई अलग-अलग तारीख बता रहा था। अब प्राइम वीडियो की तरफ से जो टीजर आ रहे हैं जिसने लोगों को कंफ्यूज कर दिया है। अब माना जा रहा है कि 'मिर्जापुर सीजन 3' जून के महीने में भी रिलीज नहीं होगा और इसे एक बार फिर पोस्टपोन कर दिया गया है।



# खुशी कपूर ने किया रूमर्ड बॉयफ्रेंड को बर्थडे विश

**जाह्नवी कपूर की बहन और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर को लेकर खबर आ रही है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। खुशी ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड वेदांग रैना को 24वें बर्थडे पर खास अंदाज में विश किया है। पोस्ट देख फैंस को यकीन हो गया है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे है। अक्सर खुशी और वेदांग को कई पार्टी और इवेंट्स में साथ देखा जाता है, पर कपल ने अपने रिश्ते में ऑफिशियल नहीं किया है।**





खुशी कपूर ने जो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है उससे दोनों के रिश्ते पर मुहर लगती नजर आ रही है। खुशी ने वेदांग रैना के बर्थडे पर एक फोटो पोस्ट की है इसमें वह अपने डॉगी के साथ नजर आ रहे हैं। खुशी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, "हैप्पी बर्थडे वेदांग रैना" अब फैंस दोनों के अफेयर को कंफर्म कर रहे हैं। वेदांग रैना हाल ही में आई फिल्म 'द आर्चीज' में नजर आए थे। वेदांग अच्छे एक्टर ही नहीं बल्कि सिंगर भी हैं। वहीं, खुशी कपूर श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी है।

# मनोज को मिला एक और अवॉर्ड

**अपनी हालिया रिलीज 'भैया जी' के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया बटोरने वाले बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने 'सिर्फ एक बंदा काफी है' में अपने काम के लिए मूवीफाइड बेस्ट एक्टर अवॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि 'सिर्फ एक बंदा काफी है' और 'भैया जी' दोनों का ही निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है।**



अवॉर्ड मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, "इस सम्मान के लिए मूवीफाइड, दर्शकों और मेरे लिए वोट करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया। मुझे 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। मार्केट में बहुत कम वास्तविक पुरस्कार हैं, लेकिन जब आपको कोई ऐसे पुरस्कार मिलता है तो आपकी खुशी की कोई सीमा नहीं होती।" फिल्म उद्योग की चकाचौंध और ग्लैमर के बीच अभिनेता ने विनम्रतापूर्वक अपनी सफलता के पीछे के गुमनाम नायकों और अपने परिवार का नाम लिया। उन्होंने कहा, "मैं यह पुरस्कार अपने परिवार को समर्पित करता हूं। वे मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वह मेरा ख्याल रखते हैं ताकि मैं बाहर जा सकूं और वास्तव में काम में खुद को डुबो सकूं।" मनोज बाजपेयी ने अपूर्व सिंह कार्की के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपूर्व सिंह कार्की एक युवा निर्देशक हैं, जिन्होंने मुझे उस समय बहुत सहयोग दिया जब मैं दीपक किंगरानी नामक लेखक और सह-कलाकार की भूमिका निभा रहा था।"

# अजय की नई फिल्म हो गई कन्फर्म

**बॉलीवुड स्टार अजय देवगन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें कई बॉलीवुड स्टार हैं, जिसके डायरेक्टर रोहित शेट्टी हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म कन्फर्म हो गई है। इसकी शूटिंग वो जल्द ही शुरू करेंगे। इस बार अजय देवगन जिस नई फिल्म में काम करेंगे वो क्रिकेट पर आधारित होगी। इसकी जानकारी फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है।**

उन्होंने ट्विटर यानी एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा-'अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे प्रोड्यूस करेंगे।' फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। ये फिल्म फेमस हिस्टोरियन और राइटर रामचंद्र गुहा की किताब 'ए कॉर्नर ऑफ फॉरन फील्ड' से प्रेरित होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# एकदम अलग अवतार में नजर आईं सनी लियोनी

**बॉलीवुड एक्ट्रस सनी लियोनी इन दिनों अपने साउथ प्रोजेक्ट 'कोटेशन गैंग' को लेकर चर्चा में हैं। काफी इंतजार के बाद आखिरकार सनी लियोनी ने अपनी तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। अभिनेत्री ने दो पोस्टर साझा किए जिनमें सनी को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। हले पोस्टर में, सनी ने स्कर्ट के ऊपर एक चेकदार शर्ट पहनी हुई है और प्रिया मणि के किरदार के साथ एक ग्रामीण लुक में नजर आ रही हैं, जिसमें तीव्रता झलक रही है। एक अन्य पोस्टर में सनी को एक इंटेंस मोमेंट में दिखाया गया है। हम उन्हें अपने सह-कलाकार जैकी श्रॉफ की गर्दन पकड़ते हुए देखते हैं।**

दोनों लुक ने इंटरनेट पर आग लगा दी है और प्रशंसकों ने ग्लैमरस अवतार को छोड़कर एक साहसी ग्रामीण माफिया सदस्य की भूमिका को सहजता से अपनाने के लिए सनी की प्रशंसा की है। पोस्टरों को साझा करने के लिए सनी ने अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, जुलाई से सिनेमाघरों में! एक हाइपरलिंक फिल्म। आइए अनावरण करें रहस्यमय दिमागों, एक धोखेबाज जोड़ी, दो रूह कंपा देने वाली व्यक्तित्व, एक तेजस्वी नौजवान और ऐसे बंधनों का जो समय की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। पोस्टर शेयर करते ही



फैंस एक्ट्रेस की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पाए। प्रिया मणि और जैकी श्रॉफ के अलावा सनी लियोनी मशहूर एक्ट्रेस सारा अर्जुन के साथ भी स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। विवेक कुमार कन्नन निर्देशित फिल्म में, सनी लियोनी ने एक महत्वपूर्ण और सम्मोहक भूमिका निभाई है जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करती है। फिल्म में सनी लियोनी को एक हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो एक क्रूर गिरोह की प्रमुख सदस्य हैं, जो अनुबंध हत्याओं में माहिर है। उनका चरित्र गणनात्मक और निर्दयी है, जो उनकी सामान्य ग्लैमरस छवि से बिल्कुल अलग है। यह भूमिका, जिसने सनी लियोनी को अपनी अभिनय क्षमताओं का एक गहरा और अधिक जटिल पक्ष दिखाने की अनुमति दी, फिल्म की कहानी में पर्याप्त गहराई और साज़िश जोड़ती है।



# करीना कपूर हुईं विदेशी पुरुष की तरफ आकर्षित

**बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक करीना कपूर खान ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ऑस्कर विजेता अमेरिकी अभिनेता एडम ड्राइवर बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'फेरारी' से उनके किरदार का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया। जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'ऑब्सेस्ड'। करीना कपूर खान ने बताया कि हॉलीवुड में उन्हें प्रभावित करने वाले अभिनेता और कोई नहीं बल्कि एडम ड्राइवर हैं। जिससे वह बहुत प्यार करती हैं। वह उन्हें पसंद हैं।**

एडम ड्राइवर चर्चित अमेरिकी अभिनेता हैं जो ऑस्कर विजेता भी हैं। ड्राइवर 3 स्टार वार्स सीक्वल फिल्मों में बेन सोलो / काइलो रेन की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध हैं। एडम ड्राइवर ने 2010 में 'मिसेज वॉरेन प्रोफेशन' से ब्रॉडवे में शुरुआत की और बाद में 'मैन एंड बॉय' में दिखाई दिए। उन्होंने 2012 में 'लिंकन' में सहायक भूमिकाओं में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और उन्हें 'फ्रांसिस हा' और 'इनसाइड लेलेविन डेविस' में भी देखा गया।

# शुभमन गिल से उड़ी विवाह की अफवाह पर रिद्धिमा ने तोड़ी चुप्पी

**बहू हमारी रजनी कांत फेम रिद्धिमा पंडित अपनी शादी की खबरों को लेकर अचानक से चर्चा में छा गई हैं। रिद्धिमा पंडित को लेकर ये खबर सामने आई है कि उनकी शादी क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ होने जा रही है। हालांकि ये सभी खबरें पूरी तरह से अफवाह साबित हो चुकी हैं। रिद्धिमा पंडित ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ दी है। उनका कहना है कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। जब रिद्धिमा पंडित और शुभमन गिल का नाम साथ में जोड़ा जाने लगा तो यूजर्स से लेकर क्रिकेटर तक के फैन्स ने एक्ट्रेस के बारे में पता करना शुरू कर दिया। लेकिन अब इन अफवाहों पर एक्ट्रेस का बयान सामने आ गया है।**

रिद्धिमा पंडित ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया। एक्ट्रेस ने कहा। 'मुझे सुबह उठते ही कई पत्रकारों के फोन आए, जो मुझे मेरी शादी के बारे में पूछ रहे हैं। लेकिन किससे? नहीं, ऐसा कुछ नहीं हो रहा है और कुछ होगा तो मैं खुद बता दूंगी। रिद्धिमा ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी में पोस्ट किया था। लेकिन अब उन्होंने अपना ये वीडियो डिलीट कर दिया है। हालांकि रिद्धिमा के इस वीडियो से ये तो साफ हो गया है कि उनके और शुभमन गिल के बीच कोई कनेक्शन नहीं है और दोनों की शादी तो बिल्कुल भी नहीं हो रही है। रिद्धिमा और शुभमन की शादी की अफवाह उड़ते ही ये भी कहा जाने लगा था कि दोनों इसी साल शादी कर लेंगे। रिद्धिमा पंडित कई सालों से छोटे पर्दे पर काम कर रही हैं। उन्हें 'बहू हमारी रजनी कांत' से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल में एक्ट्रेस ने रोबोट का रोल निभाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था। बिग बॉस ओटीटी में भी रिद्धिमा नजर आ चुकी हैं। हालांकि वो शो में ज्यादा लंबा टिक नहीं पाई थीं। एक्ट्रेस खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा ले चुकी हैं।



**फिल्म गॉडजिला माइनस वन की स्ट्रीमिंग भारत में शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन तकाशी यामाजाकी ने किया है। दुनियाभर में धमाल मचाने वाली यह फिल्म भारत में बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकी थी। हालांकि, अब इस फिल्म का लुत्फ भारतीय दर्शक ओटीटी पर उठा सकते हैं। गॉडजिला माइनस वन को मूल रूप से पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दुनियाभर में इस फिल्म की जमकर प्रशंसा हुई थी। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने बंपर कमाई की थी। भारी मांग के बावजूद फिल्म के निर्माता इसे भारत में रिलीज करने असफल रहे थे। पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स के माध्यम से इस फिल्म को भारत में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया था, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी थी और फिल्म को बड़े पर्दे पर नहीं दिखाया जा सका था।**

# दर्शकों का इंतजार हुआ खत्म, ओटीटी पर उठाएं गॉडजिला माइनस वन का लुत्फ



भले ही भारतीय दर्शक बड़े पर्दे पर इस फिल्म को न देख सके हों, लेकिन नेटफ्लिक्स ने फिल्म को भारतीय दर्शकों के लिए अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसे जारी कर दिया है। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में स्ट्रीम किया जा सकता है। लगभग डेढ़ करोड डॉलर के बजट में बनी गॉडजिला माइनस वन ने दुनियाभर में 11.5 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई के साथ बॉक्स-ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। यह सबसे अधिक कमाई करने वाली जापानी गॉडजिला फिल्म है। साथ ही, इसे फ्रैंचाइजी की सभी 37 फिल्मों में सबसे बेहतरीन फिल्म भी माना गया है।



# मलाइका ने सोशल मीडिया पर किया क्रिप्टिक पोस्ट

एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। जिसमें एक व्हाइटबोर्ड पर क्रिप्टिक मैसेज लिखा हुआ है। उसमें लिखा है, "जब वे कहें कि आप ऐसा नहीं कर सकते, तो इसे दो बार करें और फोटो लें।" बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक मैसेज शेयर किया था। इसके एक दिन बाद रविवार को एक्ट्रेस ने यह मैसेज पोस्ट किया है। अर्जुन कपूर ने अपने मैसेज में कहा था, "हमारे पास जीवन में दो विकल्प हैं। हम अपने अतीत के कैदी हो सकते हैं या भविष्य की संभावनाओं की खोज कर सकते हैं।" मलाइका और अर्जुन ने साल 2018 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल तौर से स्वीकार किया था, लेकिन अब उनके अलग होने की खबरें आ रही हैं।



गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर सुबह 8:00 बजे फेस-2 स्थित फूल मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई।

# आर्य युवा राष्ट्र निर्माण के कार्य को तीव्र गति देंगे : अनिल आर्य

नोएडा। एमिटी कैम्पस सेक्टर-44,नोएडा में चल रहे विशाल युवक चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर के तीसरे दिन केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का 47 वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर प्रसिद्ध शिक्षाविद् तथा एमिटी समूह के संस्थापक डा. अशोक चौहान व एमिटी स्कूल की चेयरमैन डा. अमित चौहान के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 47 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि हम युवा निर्माण के कार्य को और अधिक तीव्र गति देंगे। परिषद ने बहुकुण्डीय यज्ञ, राष्ट्रीय मुद्दों पर धरने प्रदर्शन,योग साधना शिविर,विचार गोष्ठियां आदि द्वारा समाज में एक अलग पहचान बनायी है। आज राष्ट्रवादी चिंतन व विचार को आत्मसात करने की दिशा में काम करना होगा।

परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र भाई ने कहा की संगठन की स्थापना दिवस हमें एकजुट होने, पीछे मुड़कर देखने और भविष्य के लक्ष्यों के लिए प्रेरित होने का अवसर प्रदान करता है। यज्ञवीर चौहान ने कहा कि महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलकर ही समाज व देश का नवनिर्माण सम्भव है। इस अवसर पर गायिका पिंकी आर्या,आस्था आर्या ने मधुर भजन प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में अध्यक्ष कर्नल अमरेश त्यागी, रामकुमार आर्य,प्रवीण आर्य,योगेंद्र शास्त्री, सौरभ गुप्ता, शिवकुमार ग्रोवर,रमेश पहवा, बाल कृष्ण (सूरत) आदि उपस्थित रहे।





## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजारी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश हो गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ पूर्व में लूटपाट, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमे दर्ज है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गैंग बनाकर लूटपाट करने के मामले में वसीम पुत्र सलीम और इसके गैंग के अन्य सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। वसीम फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूटपाट, गैंगस्टर सहित विभिन्न धाराओं में करीब 17 मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## भुगतान की प्रक्रिया में संशोधन पर सीईओ का आभार जताया

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण की नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) ने प्राधिकरण की सेवाओं से सेवानिवृत होने वाले एवं सेवाकाल के दौरान मृतक कर्मचारी के आश्रित को मिलने वाले सेवा देयकों के भुगतान की प्रक्रिया में सकारात्मक संशोधन हेतु प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का आभार व्यक्त किया।



एसोसिएशन अध्यक्ष चौ राजकुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण की लंबी सेवा अवधि के पश्चात सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों को मिलने वाले ईपीएफ ग्रेच्युटी एवं अन्य भुगतान के लिए अनापति प्रमाण पत्र हेतु विभिन्न विभागों के चक्कर काटने पड़ते थे। साथ ही साथ अगर सेवा काल में किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती थी तो उसके आश्रित को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन एसोसिएशन की मांग पर प्राधिकरण ने इस प्रक्रिया में सकारात्मक संशोधन करते हुए अब संबंधित विभागाध्यक्ष को इस संबंध में अनापति प्रमाण पत्र सीधे कार्मिक विभाग को प्रेषित करना होगा। जिससे प्राधिकरण के समस्त कर्मचारियों द्वारा खुशी व्यक्त की गई है। एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष चौ राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा एवं सचिव नीरज राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कानूनी लड़ाई के बाद मिला हक

**नोएडा (चेतना मंच)।** जलवायु सहकारी आवास समिति सेक्टर-21 व 25 में लगभग 1 साल से लम्बी क़ानूनी लड़ाई लड़ने के बाद अनुसूचित जाति वर्ग के महेश कुमार को उनका हक़ मिल गया है।

गौतमबुद्धनगर नोएडा के सेक्टर -21×25 जलवायु विहार सहकारी आवास समिति द्वारा उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग के अपर आयुक्त आवास/अपर निबंधक विनय कुमार मिश्र के आदेश के बाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर महेश कुमार की नियुक्ति की है। दरअसल नोएडा की इस सोसायटी में पिछले साल जुलाई 2023 में सहकारिता विभाग द्वारा चुनाव सम्पन्न कराए गए। जिसमें से 1 सीट अनुसूचित जाति/ जनजाति के लिए आरक्षित थी।

समिति सचिव व अध्यक्ष मनमाने तरीक़े से इस आरक्षित सीट को सामान्य वर्ग के व्यक्ति को आवंटित करना चाहते थे। जिस पर समिति के ही निवासी महेश कुमार एवं अवधेश कुमार ने आपत्ति दर्ज कराते हुए समिति में अपना आवेदन दिया था। लेकिन सोसाइटी के सचिव और कार्यकारी अध्यक्ष इसे लम्बे समय से लटका रहे थे।

जिस पर पहले राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के संज्ञान और फिर अपर आयुक्त आवास/अपर निबंधक लखनऊ के तत्काल प्रभाव से समिति में नियुक्त करने के आदेश के बाद आज समिति सचिव द्वारा महेश कुमार को जलवायु सहकारी आवास समिति ज्वाइन करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया।

## मौसेरे भाई की पत्नी को अगवा करने वाला पांच हजारी इनामी गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की पत्नी को अगवा करने के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाले शिवा साहनी ने 17 अप्रैल वर्ष 2022 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मौसी का लड़का इंद्रपाल उसकी गैर मौजूदगी में उसकी पत्नी राधा रानी को घर से बिना बताए ले गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। आरोपी फरार था। इसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने आरोपी इन्द्रपाल पुत्र संपत्त साहनी को थाना क्षेत्र के कार मार्केट के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

## विश्व साइकिल दिवस मनाया, शहीदों को किया नमन

### 12 साइकलिस्ट ने 25 किमी तक चलाई साइकिल

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के विभिन्न सेक्टरों के साईकिल चालकों ने विश्व साइकिल दिवस मनाया। साइकिल चालकों ने सेक्टर-50 में एकत्र होकर नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर साइकलिंग करते हुए शहीद स्मारक पहुँचकर शहीदों को नमन किया।

नोफा अध्यक्ष राजीवा सिंह ने बताया कि वह हर रोज 30 से 45 मिनट तक साइकिल चलाते हैं। इसके कई फ़ायदे हैं जैसे तनाव कम होता है और बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है।

साइकलिस्ट आरडब्ल्यए सेक्टर-34 महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा का कहना है कि साइकिल चलाना बहुत ही आवश्यक है। साइकिल चलाने से व्यायाम के साथ-साथ इम्यून सिस्टम ठीक तरीके से काम करता है। यह हमारे दैहिक और मानसिक स्वास्थ्य में एक प्रमुख भूमिका निभाता है।



उन्होंने बताया कि साइकिलिंग में 12 लोग शामिल हुए और तकरीबन 25 किमी का सफर तय किया। इस दौरान राजीवा सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा,आशीता अरोड़ा सौमित्र द्विवेदी बृजेश नारंग गौरव तनेज़ा दिलीप ध्यानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सुबह किराये के ऑटो से रैकी, जो घर खुला दिखा उसमें की चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में थाना सेक्टर-24 पुलिस और क्राईम रिस्पांस टीम (सीआरटी) ने घरों से लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी लैपटॉप- फोन चोरी कर दिल्ली के अलग-अलग मार्केट में बेच देते थे। बदमाश दिल्ली से नोएडा किराये के ऑटो से आते थे ओर चोरी की घटना को अंजाम देकर वापस दिल्ली भाग जाते थे।



नोएडा की थाना सेक्टर-24 पुलिस और सीआरटी को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। घरों से लैपटॉप और फोन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

नोएडा के डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-24 पुलिस और सीआरटी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अलकाम, आफताब और शमखान के रूप में हुई है। इनके पास से चोरी किए गए 9 लैपटॉप व 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। नोएडा के डीसीपी क्राइम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर वर्ष 2018 से चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

नोएडा के डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी शहर में रैकी करते थे। दिल्ली से किराये पर ऑटो लेकर सुबह 6 से 5 बजे के बीच नोएडा आते थे। इस दौरान आरोपी शहर में उन घरों में घुस जाते थे जिनके दरवाजे खुले होते थे। अगर मलिक जगा हुआ हो तो यह कहकर निकल जाते थे कि वह किराए के मकान खोज रहे हैं। इस गैंग ने अब तक लाखों रुपए के कीमती फोन व लैपटॉप चोरी किए हैं।

## फर्जी कंपनी, बैंक अकाउंट फर्जी और करोड़ों की ठगी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कौशांबी पुलिस व साइबर टीम ने फर्जी कंपनी बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी मजबूर लोगों को पैसे का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे और उनके नाम व पते से बैंक अकाउंट बनाकर ठगी का पैसा अकाउंट में डलवाते थे।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी ने बताया कि सूत्रों से जानकारी मिली कि राजकुमार (48 वर्ष) पुत्र जीत सिंह कौशांबी के वैशाली में है। विभिन्न राज्यों और जिलों में फर्जी कंपनी व अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी करने में शामिल हैं। राजकुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, चार चेक बुक, तीन किरायानामा, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी ने बताया कि इस गैंग के सभी सदस्य मिलकर गलत पते पर कंपनी खोलते थे और जरूरतमंद लोगों को तलाश कर उनके नाम पर फर्जी कंपनी व बैंक अकाउंट खुलवाकर उससे संबंधित दस्तावेज अपने पास रखकर उन्हें कमीशन के रूप में कुछ पैसे देते थे। यह सभी लोग अलग-अलग राज्यों में जलसाजी कर पैसे इन अकाउंट में ट्रांसफर करा लेते थे। कंपनी बनाने और बैंक खाता खुलवाने में जो भी दस्तावेज लगते थे उनका पता फर्जी होता था इस वजह से इन्हें कोई पकड़ नहीं पता था।

गाजियाबाद पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजकुमार जिस गिरोह के लिए काम करता है उसका गैंग लीडर मनोज कुमार है। गाजियाबाद पुलिस ने पूर्व में ही इस गैंग के सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।